'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 07 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शुक्रवार, 22 मार्च 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

### केजरीवाल की गिरफ्तारी की विपक्षी दलों के नेताओं ने की निंदा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मनी लॉनड्रिंग केस में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पार्टी के लिए एक बड़ा सदमा है।

एक वक्त था जब केजरीवाल राजनेताओं को अपने निशाने पर रखते थे। भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर विपक्षी नेताओं से इस्तीफा मांगते थे। बाद में उनकी पार्टी के नेता और अब खुद केजरीवाल भ्रष्टाचार के मामले में फंस गए हैं। खुद को कट्टर ईमानदार बताने वाले केजरीवाल के लिए ये समय मुसीबत भरा है। ईडी के 9 समन मिलने के बाद केजरीवाल लगातार अपनी गिरफ्तारी का डर बता रहे थे। इसके लिए उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट तक का दरवाजा खटखटाया। लेकिन ईडी के सबूत देखने के बाद कोर्ट ने उन्हें कोई राहत नहीं दी।

दिल्ली में हुए शराब घोटाले ने अरविंद केजरीवाल सरकार की चमक फीकी कर दी। उनके करीबी रहे मनीष सिसोदिया से लेकर संजय सिंह इस मामले में जेल में हैं। अब केजरीवाल भी गिरफ्तार हैं। 2013 में पहली बार दिल्ली के सीएम बने केजरीवाल ने दिल्ली में कांग्रेस को मात देकर सत्ता को स्वाद चखा था। पर आज का दिन उनके लिए काफी मुसीबत वाला है। जिस करप्शन के खिलाफ उन्होंने अपनी राजनीति शुरू की थी, अब उसी करप्शन के आरोप में उनकी गिरफ्तारी हुई है।

अरविंद केजरीवाल अक्सर कहते हैं। रामलीला मैदान के आंदोलन के समय मैदान में लोग हमसे पूछते थे कि आप लोग आगे चलकर भ्रष्ट तो नहीं होंगे। इस बात की क्या गारंटी है ? अब आज उन्हीं केजरीवाल को भ्रष्टाचार के आरोप में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है।

एक्टिविज्म छोड़कर राजनीति में उतरे केजरीवाल का राजनीति में उदय एक रोचक घटना थी। उनके उदय और उनकी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई ने आम लोगों को उनसे जोड़ा। जन लोकपाल की मांग के साथ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के साथ बड़ा आंदोलन खड़ा करने वाले केजरीवाल अभी अपने राजनीतिक करियर के सबसे मुश्किल वक्त में हैं।

## दिल्ली आबकारी नीति केसः अब तक कौन-कौन दिग्गज पहुंच चुके हैं जेल







**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। उन्हें दिल्ली एक्साइज पॉलिसी मामले में गिरफ्तार किया गया है। केजरीवाल को शुक्रवार को अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा। इस बीच आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री आतिशी के मुताबिक यदि केजरीवाल को जेल जाना पड़ता है तो वह जेल से ही दिल्ली की सरकार चलाएंगे। इस मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब केजरीवाल की गिरफ्तारी के उपरांत आम आदमी पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल पर फिलहाल कोई आरोप साबित नहीं हुआ है। ऐसी कोई स्थिति नहीं है, जिनके कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़े।

**मनीष सिसोदिया**

आबकारी नीति के जरिए तत्कालीन उपमुख्यमंत्री ने रिश्वत ली और अपने पसंदीदा शराब कारोबारियों को लाभ पहुंचाया। जांच एजेंसियों ने दावा किया कि इस नीति में भ्रष्टाचार हुआ और कुछ लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया। इसमें लाइसेंस शुल्क माफ किया गया और इसके बदले में मोटी रकम वसूली गई। सीबीआई ने जांच के दौरान आप नेता मनीष सिसोदिया के कई ठिकानों पर छापेमारी की और फिर 26 फरवरी, 2023 को लंबी पूछताछ के बाद मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया। इसी दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने भी इस घोटाले में मनी लॉनड्रिंग के तहत अपनी जांच शुरू की और सिसोदिया को ईडी ने भी गिरफ्तार कर लिया।

**संजय सिंह**

4 अक्टूबर 2023 को संजय सिंह को शराब घोटाले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया था। संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी ने बीजेपी पर तीखा हमला किया था। क्कने कहा था संजय सिंह संसद में बीजेपी और पीएम मोदी के खिलाफ मुखर रहते हैं, जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

**मुख्यमंत्री केजरीवाल**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुवार रात दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा केजरीवाल को एजेंसी की किसी दंडात्मक कार्रवाई से राहत देने से इनकार करने के कुछ ही घंटों बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। पद पर रहने के दौरान किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी का यह पहला मामला है। अधिकारियों ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के शीघ्र बाद, ईडी की एक टीम उनके आवास पर पहुंची और तलाशी ली। इसके बाद, केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

## गिरफ्त में अरविंद केजरीवाल, किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को लेकर क्या कहते हैं नियम?



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने तकरीबन 2 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसी के साथ ही देश में एक बार फिर से चर्चा छिड़ गई कि क्या मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो सकती है ? संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत मुख्यमंत्री को सिविल मामलों में गिरफ्तारी और हिरासत से छूट मिली हुई है लेकिन क्रिमिनल मामलों में मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो सकती है। नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय ने तकरीबन 2 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसी के साथ ही देश में एक बार फिर से चर्चा छिड़ गई कि क्या मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो सकती है ? ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि कुछ वक्त पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने गिरफ्तार किया था। हालांकि, हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी से पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन अरविंद केजरीवाल का मामला हेमंत सोरेन से अलग है।

**किन मामलों में मुख्यमंत्री को छूट नहीं :** संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत मुख्यमंत्री को सिविल मामलों में गिरफ्तारी और हिरासत से छूट मिली हुई है, लेकिन क्रिमिनल मामलों में मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो सकती है। ठीक यही नियम प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य, विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों के लिए भी हैं। हालांकि, राष्ट्रपति और राज्यपाल को पद पर रहते हुए कोई गिरफ्तार नहीं कर सकता है।

**अनुच्छेद 361 :** अनुच्छेद 361 के तहत राष्ट्रपति या किसी भी राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी कोर्ट में कोई क्रिमिनल कार्यवाही शुरू नहीं हो सकती है और न ही कोई कोर्ट हिरासत में लेने का आदेश दे सकती है।

## राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती सीमा त्रिखा का फरीदाबाद में समर्थकों ने किया भव्य स्वागत



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनने के बाद पहली बार फरीदाबाद पहुंची श्रीमती सीमा त्रिखा का आज जगह-जगह उनके समर्थकों व क्षेत्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया। जैसे ही उनका काफिला दिल्ली से पुल प्रहलादपुर बॉर्डर की तरफ से हरियाणा में प्रवेश किया। उनके क्षेत्र के ईरोज गार्डन, दयालबाग, लकड़पुर, शिव दुर्गा कॉलोनी के लोगों ने अपनी प्रिय नेता का ढोल नगाड़ों के साथ फूलमाला व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। वहीं गांव अनंगपुर, ग्रीन फील्ड कॉलोनी, सेक्टर-46, सेक्टर-21, गांव अनखीर के मौजिज लोगों ने मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा को बधाई देते हुए पुष्प वर्षा की। इसके बाद वह सिद्धदाता आश्रम व समन्वय मंदिर पर माथा टेका। उनका काफिला इसके बाद मेवला महाराजपुर, पटेल चौक, एसजीएम नगर, मेहता चौक, गांधी कालोनी, गांव बडख़ल, भांखरी, एन.एच.तीन, एन.एच.दो, भाटिया सेवक समाज, एन.एच.एक व एन.एच चार-पांच के चौक पर पंजाबी समुदाय व छत्तीस बिरादरी के लोगों ने मंत्री सीमा त्रिखा का भव्य स्वागत किया। वहीं गुरूद्वारों में भी माथा टेका। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि आज जो जिम्मेदारी भाजपा हाईकमान ने उन्हें सौंपी है। यह पद मेरा नहीं बल्कि बडख़ल क्षेत्र की जनता का है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश तरक्की कर रहा है। वहीं पिछले साढ़े नौ साल के मनोहर लाल सरकार के कार्यकाल में जितने विकास कार्य बिना भेदभाव के हुए है। उतने पिछली किसी भी सरकार में नहीं हुए। उन्होंने कहा कि उनका सपना बडख़ल क्षेत्र का समूचा विकास, लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास रूपी लहर चल रही है उसे रूकने नहीं दिया जाएगा। आज युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची के सरकारी नौकरियां दी जा रही है। जबकि पिछली सरकारों में नौकरियों की बंदरबांट होती थी।

श्रीमती त्रिखा ने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश प्रभारी विप्लब देव, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का आभार जताया। इस अवसर पर प्रवीण चौधरी, राकेश धुन्ना, सरदार मोहन सिंह भाटिया, हरेंद्र भड़ाना, मनजीत सिंह, बहादुर सिंह सब्बरवाल, सतनाम सिंह मंगल, फूलचंद भड़ाना, बिन्दे भड़ाना, विवेक भड़ाना, आकाश गुप्ता, उमाशंकर, प्रिया बब्बर, संजय कुमार, मन्नू सरदार, रविन्द्र राणा, काले सरदारजी, अमित आहूजा, गगनदीप, ओमप्रकाश धींगड़ा, संजय महेंद्रू, सतेन्द्र पाण्डेय, कमल शर्मा, डा. विनोद कौशिक, डा. सुरेश अरोड़ा, डा. पुनीता हसीजा, संजय अरोड़ा, साहिल चोपड़ा, गुरजीत सिंह, गोल्डी खालसा, डिम्पल खालसा, सहित सैकड़ों समर्थक व भाजपा पदाधिकारी रहे।

## तुरंत इस्तीफा देना चाहिए... केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोले दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में 2 घंटे तक चली पूछताछ के बाद देर शाम सीएम अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार कर लिए गए। इसके बाद एक बार फिर देश की सियासत गर्म हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने केजरीवाल के तत्काल इस्तीफे की मांग की है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने संवाददाताओं से कहा कि आज दिल्ली का हर नागरिक संतुष्ट है कि भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे मुख्यमंत्री को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि आम आदमी पार्टी के नेताओं ने साफ कहा है कि सीएम केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाएंगे। वह अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में शराब घोटाला 2021-22 में शुरू हुआ था और एक के बाद एक खुलासे ने यह बताया है कि कैसे भ्रष्टाचार हुआ और मनी लॉनड्रिंग की गई है।

**दिल्ली बीजेपी की मांग- सीएम पद से इस्तीफा दें:** दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी को जायज ठहराते हुए तुरंत मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की मांग की है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आज दिल्ली का हर नागरिक संतुष्ट है कि भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे मुख्यमंत्री को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी भ्रष्टाचार की हार है। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

## जन समूह के बीच पहुंचे लुकमान रमीज़ का लोगों ने किया भव्य स्वागत




**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता लुकमान रमीज़ जब एक सामूहिक कार्यक्रम मैं पहुंचे तो सैंकड़ों की संख्या मैं स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ माइनॉरिटी डिपार्मेंट हरियाणा के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार कुरैशी भी मौजूद रहे। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर लुकमान रमीज का कहना है कि यह सरकार का तानाशाही रवैया है। जानकारी के लिए बता दें कि लुकमान रमीज को उनके रसूख के चलते कांग्रेस ने माइनोरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश का जोनल अध्यक्ष एवं कांग्रेस हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल के कोर्डिनेटर जैसे महत्वपूर्ण पद दे रखे हैं। लोकसभा चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि पूर्व केबिनेट मंत्री करण दलाल को मौका मिला तो इस बार वह रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से जीतेंगे और 2024 मैं कांग्रेस की सरकार बनेगी।



# होली का त्योहार देता है भाईचारे का संदेश : एमपी भड़ाना



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** नंगला रोड व्यापार मंडल द्वारा नंगला रोड स्थित मॉर्डन के.डी. पब्लिक स्कूल में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नंगला रोड के दुकानदारों व व्यापारियों ने बढ़चढकर हिस्सा लेकर इस आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का आयोजन नंगला रोड व्यापार मंडल के प्रधान एम.पी. भड़ाना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी अतिथियों, दुकानदारों व व्यापारियों को एमपी भड़ाना व उनकी टीम ने गुलाल लगाकर एवं व फूल माला पहना कर स्वागत किया । कार्यक्रम का मंच संचालन केडी स्कूल के अध्यक्ष त्रिलोकचंद तंवर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में एनआईटी क्षेत्र से विधायक नीरज एवं पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना ने शिरकत की तथा मंच से सभी क्षेत्रवासियों को होली के त्यौहार की बधाई दी। इस मौके पर पूर्व विधायक नागेंद्र भड़ाना ने कहा कि होली का त्यौहार भाईचारे का प्रतीक होता है इसलिए इस त्यौहार को सद्भावना के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने प्रधान एम.पी भड़ाना की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कम समय इस प्रकार का भव्य आयोजन करके एक मिसाल कायम की है, जिसके लिए वह बधाई के पात्र है। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक नंगला रोड व्यापार मंडल के प्रधान एम.पी. भड़ाना ने कहा कि होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में आए लोगों का वह अभिवादन करते है और क्षेत्र की जनता ने इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें जो आर्शीवाद दिया है, उसके लिए वह सदैव उनके ऋणी रहेंगे साथ-साथ यह भी कहा कि वह दुकानदारों के लिए सदैव इसी प्रकार दुकानदारों के हित में कार्य करते रहेंगे वही कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार की झांकियां भी प्रस्तुत की व सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा वहीं मशहूर हरियाणवी रागनियां भी कार्यकम में आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना, समाजसेवी रोहतास पहलवान, महेंद्र सरपंच, समाजसेवी अमरचंद मंगला, मुरारीलाल, मामचंद प्रधान ,जेजेपी नेता करामत अली, समाजसेवी विजय बंसल, छत्रपाल गुप्ता ,गुलाब गुप्ता , रामू शर्मा, बाबूलाल प्रधान, सुरेंद्र भड़ाना, बबलू, सुभाष शर्मा, दिनेश,बांके गोयल,मनीष, गुप्ता दिवेश अग्रवाल, कर्मबीर, जयपाल, मुरारी लाल, राजू, सुभाष शर्मा,धर्मपाल ,कमल कांत सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# फरीदाबाद में पहली बार: फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद ने जटिल न्यूरोलॉजिकल उपचार के लिए अत्याधुनिक इंट्राऑपरेटिव न्यूरो नेविगेशन टैक्नोलॉजी की शुरुआत की

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** न्यूरोलॉजिकल सर्जरी के लिए अत्याधुनिक और एडवांस्ड उपचार प्रदान करने के अग्रणी प्रयास के तहत फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉसपिटल, फरीदाबाद ने इस रीजन में पहली बार इंट्राऑपरेटिव न्यूरो नेविगेशन टैक्नोलॉजी लॉन्च की है। फरीदाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय गुप्ता की सम्मानित उपस्थिति में अस्पताल में इस अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी की सुविधा की शुरूआत का जश्न मनाया गया, जिसने क्षेत्र में न्यूरोसर्जरी में सटीकता और देखभाल का नया मानक स्थापित किया है। इसके लॉन्च के मौके पर डॉ. कमल वर्मा, डायरेक्टर, न्यूरोसर्जरी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉसपिटल, फरीदाबाद ने कहा, ''इस एडवांस्ड न्यूरो नेविगेशन टैक्नोलॉजी से मरीजों को बहुत लाभ होगा क्योंकि यह नाजुक प्रक्रियाओं के दौरान आसानी से नेविगेट करने की क्षमता के साथ ऑपरेशन थिएटर में रीयल टाइम जीपीएस की सुविधा प्रदान करता है, जिससे यह सटीकता को एक नए स्तर पर ले जाता है।



इसके अलावा ऑपरेशन के दौरान छोटा चीरा लगाने से दर्द काफी कम हो जाता है, जिससे कम रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है, सर्जरी में कम समय लगने से जटिलताएं भी कम होती हैं और मरीजों को अस्पताल में कम समय तक रहना पड़ता है और वह जल्द ही सामान्य गतिविधियां करने में सक्षम होता है। नई टैक्नोलॉजी के माध्यम से ब्रेन ट्यूमर सर्जरी, एंडोस्कोपिक ब्रेन सर्जरी, इमेज गाइडेड स्पाइनल इंस्ट्रूमेंटेशन, फ्रेमलेस स्टीरियोटैक्टिक सर्जरी, डिफॉर्मिटी ठीक करने और मिनिमल इनवेसिव स्पाइन सर्जरी आसानी से की जा सकती है।'' श्री योगेंद्र अवधिया, फैसिलिटी डायरेक्टर, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉसपिटल, फरीदाबाद ने कहा, ''हमें स्टील्थ स्टेशन स8 न्यूरो नेविगेशन सिस्टम लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है, जो फरीदाबाद का पहला और शहर में सबसे व्यापक सर्जिकल सूट है। डॉ. कमल वर्मा के नेतृत्व में यह उपकरण मरीजों की जरूरतों को पूरा करेगा और हमारा अस्पताल अब न्यूरोसर्जरी में नवीनतम टैक्नोलॉजी से लैस है जो मरीजों के लिए बेहतर और गुणवत्तापूर्ण परिणाम देने में हमारी सहायता करेगी।''

# संदीप तेवतिया अलावलपुर को पार्टी हाई कमान ने दूसरी बार भाजपा किसान मोर्चा का जिला सचिव नियुक्त किया

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** युवा भाजपा नेता संदीप तेवतिया अलावलपुर को पार्टी हाई कमान ने दूसरी बार किसान मोर्चा का जिला सचिव नियुक्त किया है। इससे पहले भी संदीप किसान मोर्चा में जिला सचिव के पद पर तैनात थे। संदीप ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर जिला अध्यक्ष राजू ठाकुर ने उनके काम पर विश्वास



जताते हुए उनकी यह नियुक्ति की है। संदीप तेवतिया ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की तरफ से पार्टी हाई कमान का आभार जताया है और यह विश्वास दिलाया है कि पहले से ज्यादा काम पार्टी के लिए करेंगे।

# नेहरू कॉलेज में इंटेक और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ऑन द स्पोर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मे प्राचार्य डॉ रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन इंटेक और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने स्मारकों की पेंटिंग बनाई जिनमें से टॉप फाइव को ट्रॉफी और इनाम दिए गए। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ हरवंश चौधरी ने किया और श्री आनंद मेहता जो इंटच फरीदाबाद के कन्वीनर है ने इतिहास संस्कृति और विरासत के बारे में विस्तार से बताया इसके अलावा कॉलेज के 50 छात्र छात्राओं को इंटेक यूथ क्लब से भी जोड़ा गया ताकि भविष्य में सभी तरह की विरासत को बचाने के लिए



छात्र-छात्राएं जागरूक रहे। इंटैक भारत की प्रमुख संस्था है जिसका उद्देश्य भारत की सभी तरह की विरासत को बचाना, स्मारकों का जीर्णोद्धार और उनका प्रबंधन, हेरिटेज वॉक और बसों के माध्यम से जन जागरूकता, स्कूलों और कॉलेज में हेरिटेज क्लबों की स्थापना, स्कूलों और कॉलेजों के शिक्षकों के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन और विरासत के विभिन्न स्थलों के टूर करवाना आदि। आज के कार्यक्रम में श्रीमती कविता सैनी, शरद भसीन, संगीता, अनीता यादव, योगवती पारेख, भगवान दास, डॉ विशाल सिंह और मनोज कुमार ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर करें चुनाव के दौरान वीडियोग्राफी एवं डिजिटल कैमरे का ऐसे उपयोग : जिलाधीश विक्रम सिंह

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर चुनाव के दौरान वीडियोग्राफी एवं डिजिटल कैमरे का इस प्रकार उपयोग करें। यह जानकारी जिलाधीश विक्रम सिंह ने विस्तृत रूप से देते हुए बताया कि 18वीं लोकसभा 2024 का आम चुनाव प्रदेश में 25-05-2024 को होने जा रहा है। इसके लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लग गई है। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में चुनाव के निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने और चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के सिद्धांतों को सख्ती से लागू करना सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग ने पत्र संख्या 447/2007-पीएलएनआईवी दिनांक 17-1-2002 के माध्यम से विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। इनमें 18वीं लोकसभा चुनाव के दौरान वीडियोग्राफी और डिजिटल कैमरों का उपयोग किस तरह से किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा हरियाणा प्रदेश के 10-फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ को इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के



लिए निर्देशित किया जाता है। उन्होंने कहा कि वीडियोग्राफी के लिए विशेष रूप से इन बातों पर विचार किया जाना चाहिए। इनमें बैठकों के लिए मंत्रियों, मान्यता प्राप्त दलों के शीर्ष राष्ट्रीय/राज्य स्तर के नेताओं द्वारा संबोधित/उपस्थित किया गया। दंगे या दंगे की स्थिति या हंगामा, ईंट-पत्थरबाजी, फ्री-फॉर-ऑल आदि शामिल हैं। मुख्य रूप से 03 हिंसक घटनाएं, संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, लूटपाट, आगजनी, हथियार लहराना आदि शामिल है। इसी प्रकार बूथ कैप्चरिंग के दौरान मतदाताओं को डराना और मतदाताओं को लुभाने की कोशिश में साड़ी, धोती, कम्बल आदि वस्तुओं के वितरण द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन/रिश्वत देना शामिल किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में प्रचार करना, खर्च का अश्लील प्रदर्शन जैसे बड़े-बड़े कटआउट लगाने, संदिग्ध/आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवारों की आवाजाही और गतिविधियां शामिल की गई है। अतिसंवेदनशील और संवेदनशील मतदान केंद्र को भी शामिल किया गया है।


**चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण घटनाएँ:**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा उम्मीदवारों के नामांकन, जांच और उम्मीदवारी की वापसी, आरओ द्वारा ईवीएम की तैयारी, ईवीएम जमा करने के बाद स्ट्रांग रूम को बंद करना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मतगणना के लिए ईवीएम बाहर निकालने से पहले स्ट्रांग रूम खोलना, गिनती की प्रक्रिया, विशेष मामलों में जहां आयोग ने विशेष रूप से पहचान किए गए क्षेत्र/विधानसभा क्षेत्रों/मतदान केंद्रों में मतदाताओं की वीडियो/डिजिटल फोटोग्राफी का निर्देश दिया है। यह सुनिश्चित करने के लिए ध्यान रखा जाना चाहिए कि वोट डालने के लिए आने वाले सभी मतदाताओं के चेहरे पर ईपीआईसी या अन्य ईसीआई अनुमोदित फोटो न हो। पहचान पत्र, उसी क्रम में लिया जाता है जैसे फार्म 17-ए में दर्ज किया जाता है। ऐसे मतदान केंद्रों पर और उसके आसपास होने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं को भी वीडियो/डिजिटल कैमरे में कैद किया जाना सुनिश्चित करें। उदाहरण के लिए मतदान शुरू होने से पहले मॉक पोल और ईवीएम को सील करना मतदान कक्ष की स्थिति निर्धारण मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति मतदान के निर्धारित समय की समाप्ति पर मतदाता बाहर प्रतीक्षा कर रहे हैं और अंतिम मतदाता अंदर आ कतार में रहे हैं। चुनाव में लगाए गए सेक्टर अधिकारियों, पर्यवेक्षकों और अन्य चुनावी पदाधिकारियों आदि का दौरा शामिल किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा तैयार की वीडियो फिल्मों को देखने के बाद, यदि आयोग और आदर्श आचार संहिता के वैधानिक प्रावधानों और निर्देशों का कोई उल्लंघन या उल्लंघन देखा जाता है, तो उसे त्वरित माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी को सूचित किया जाए, ताकि अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने सहित तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।


# आसमानी ड्रेस में कियारा आडवाणी का हॉट लुक

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**मुबंई।** कियारा आडवाणी अपनी एक्टिंग के साथ-साथ फैशन में भी इतनी वर्सेटाइल है कि साड़ी, लहंगा, ड्रेस और वन पीस में भी ये बहुत ही खूब जंचती है। खासकर जब बात अपनी बोल्डनेस को एन्हांस करने की आती है तो ये बाला बेबाक होकर कपड़े पहनती है। ऐसा ही बिंदास लुक उनका तब दिखा जब वो एक अवॉर्ड शो के रेड कार्पेट पर आसमानी रंग की ड्रेस में पहुंचीं। एक ओर उनके कपड़े अपने आप में हद बोल्ड थे, तो दूसरी ओर इस हसीना ने भी किलर अदाएं दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इससे तस्वीरें



कुछ ऐसे बनकर सामने आईं, जिनसे नजरें हटाना ही मुशकिल हो गया।



**कट ने बनाया लुक को बोल्ड**

कियारा की हर ड्रेस का एक न एक एलिमेंट इतना बोल्ड होता है, कि सभी का ध्यान अपने आप उस पर चला जाता है। जैसे इस बार प्यारी सी स्वीटहार्ट नेकलाइन के बावजूद भी सबका ध्यान इस बाला की ड्रेस के कट पर था, जो उनके मिड्रिफ पार्ट को फ्लॉन्ट कर रहा था।

**सिल्वर हील्स से लुक राउंड ऑफ**

इस खूबसूरत हसीना ने अपने गाउन के साथ मैटेलिक सिल्वर रंग की टो पॉइंटेड पंप हील्स को कैरी किया था, जो ड्रेस के साथ कन्ट्रास्टिंग कलर की होते हुई भी बखूबी फब रही थी। दूर से मेटल की दिखने वाली ये हील्स लेदर से बनी थीं।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# राष्ट्रीय पुरालेखपाल समिति की 47वीं बैठक आयोजित



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पुरालेखपाल समिति (एनसीए) की दो दिवसीय 47वीं बैठक श्रीनगर में हुई। इसमें विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हरियाणा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से इसमें शामिल हुए। इस दो दिवसीय बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने अपने संबंधित राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों में अभिलेखागार प्रशासन और रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली को फिर से जीवित करने के लिए आवश्यक विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। साथ ही इस उद्देश्य के लिए डिजिटल और एआई प्रौद्योगिकियों की पूरी क्षमता का लाभ उठाने की जरूरत को रेखांकित किया। वे राष्ट्र की समृद्ध दस्तावेजी विरासत को संरक्षित व साझा करने और अपने अभिलेखीय संसाधनों को वेब-पोर्टल के माध्यम से सुलभ बनाने के लिए एक केंद्रित व ठोस दृष्टिकोण अपनाने पर सहमत हुए।

इसके अलावा प्रतिनिधियों ने अभिलेखों के डिजिटलीकरण के संबंध में दिशानिर्देश और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को लेकर भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार से मार्गदर्शन की भी मांग की। वहीं, इस बात पर भी सहमति बनी कि एनसीए को एनएआई, राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों के सार्वजनिक अभिलेखागार में मौखिक अभिलेखागार और गैर-पारंपरिक अभिलेखीय स्रोतों के एकीकरण जैसे नए क्षेत्रों का भी पता लगाना चाहिए।

अभिलेखागार के महानिदेशक और एनसीए के अध्यक्ष व संयोजक श्री अरुण सिंगल ने अपने संबोधन में पूरे भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के अभिलेखागार में रखे गए सार्वजनिक व निजी रिकॉर्ड में निहित मूल्यवान जानकारी को उपयोगकर्ताओं के लिए इंटरनेट के माध्यम से सुलभ बनाकर इसके लोकतंत्रीकरण की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय पर एकीकृत खोज परिणाम प्रदान करने के लिए भारत में अभिलेखीय संस्थानों के बीच सहभागिता महत्वपूर्ण है, जिस पर अभिलेखीय सामग्री विभिन्न कोष (रिपोजिटरी) में उपलब्ध हो सकती है।

# राइजिंग स्टार सीज़न 1 का आयोजन: डांस और गायन प्रतियोगिता

**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**फरीदाबाद।** सामुदायिक कनेक्ट सेवाएँ एक संगठन के रूप में,रेडियो महारानी 89.6 के साथ मिलकर राइजिंग स्टार सीज़न 1 का आयोजन कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में डांसिंग और सिंगिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता भी भाग ले रहे हैं। यह आयोजन केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल, सेक्टर-88, फ़रीदाबादमें 31 मार्च 2024 को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 8 बजे तक होगा है। इस आयोजन से हरियाणा के बच्चों के साथ-साथ युवा लोगों को भी एक नया अवसर प्राप्त होगा। इस आयोजन का नेतृत्व कम्युनिटी कनेक्ट सर्विसेज के संस्थापक ज्योतिका वर्मा ने किया है। इस आयोजन में केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल के प्रिंसिपल, मुक्ता बक्शी और रेडियो महारानी ग्लोबल हेड, सपना सुरी, सर्वोदय अस्पताल, सेक्टर-08, फरीदाबाद का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इस आयोजन का लक्ष्य है कि हमारे हरियाणा को नंबर 1 बनाने के लिए उन्नत तत्वों को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे हमारे राज्य का नाम नहीं बल्कि पूरे देश का नाम रोशन हो। इस आयोजन में भाग लेने के लिए पंजीकरण अभी भी खुला है। पंजीकरण के लिए 9971809550 नंबर पर कॉल करें या ख्द्धड्डह्लह्यश्चश्च करें:

# हरियाणा के नए मंत्रियों को मिले ऑफिस, अनिल विज के दफ्तर में बैठेंगी सीमा त्रिखा



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की नायब सैनी सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद बुधवार को सचिवालय में प्रदेश के नए मंत्रियों को दफ्तर अलॉट कर दिए गए। ज्यादातर मंत्रियों को आठवीं मंजिल पर ही ऑफिस मिले हैं। सिर्फ कमल गुप्ता को पांचवीं और सुभाष सुधा को नौंवी मंजिल पर ऑफिस दिया गया है। मनोहर सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे पांच मंत्रियों के पास उनके पुराने कार्यालय ही रहेंगे, इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। कैबिनेट मंत्री कमल गुप्ता के कार्यालय में बदलाव किया गया है। उनका दफ्तर पांचवीं मंजिल में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के कमरा नंबर-40 में होगा। वहीं पूर्व गृह मंत्री अनिल विज के ऑफिस में राज्यमंत्री सीमा त्रिखा बैठेंगी। उन्हें 32 नंबर कमरा अलॉट किया गया है। इसके साथ ही पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली का दफ्तर कमरा नंबर 40-बी राज्यमंत्री असीम गोयल को आवंटित किया गया है। दफ्तर अलॉट होने के बाद सबसे पहले राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बिसंबर वाल्मीकि और संजय सिंह अपने कार्यालय पहुंचे और कार्यभार संभाला। बिसंबर ने दफ्तर में बैठते ही कुछ लोगों की शिकायतें सुनकर अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

# डा. बलदेव अलावलपुर बने भाजपा किसान मोर्चा रोहतक लोकसभा के प्रभारी



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डा. बलदेव अलावलपुर को भाजपा किसान मोर्चा रोहतक लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर डा. बलदेव अलावलपुर ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिप्लव कुमार देव, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुखविंदर श्योराण, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, संगठन महामंत्री पानिन्द्रनाथ शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा सहित भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने उन्हें सौंपी है, उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते हुए किसान संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। श्री अलालवपुर ने कहा कि आज देश-प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही है और पिछले दस वर्षो के दौरान भाजपा सरकारों द्वारा देश-प्रदेश में किए गए अभूतपूर्व विकास की बदौलत देश और प्रदेश में भाजपा जीत की हैट्रिक बनाएगी और देश की बागडोर फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों सौंपेगी।

# राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में वृक्षारोपण किया गया

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद में प्राचार्य महोदया डॉ रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में और एनएसएस 1 के प्रभारी डॉ विशाल सिंह के दिशानुसार एनएसएस के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में वृक्षारोपण किया। इस गतिविधि को संपन्न कराने के लिए डॉ हरवंश,डॉ विमल प्रकाश,और डॉ बलराम आर्य जी ने अपनी अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर स्वयंसेवकों मे अनीश, ऋतिक, आरती कुमारी,आरती रानी,हेमंत सैनी, विकास,मंजू,सुदेश,बॉबी कुमार राम,हरिओम,इत्यादि उपस्थित रहे।

# प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड– विज्ञान ने मैसर्स पेप्ट्रिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को 75 लाख रूपये का अनुदान किया स्वीकृत



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य देखभाल में नए उपायों को बढ़ाने के लक्ष्य से, प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने पेप्ट्रिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और फाउंडेशन फॉर नेग्लेक्टेड डिजीज रिसर्च (एफएनडीआर) के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत, एक प्रोजेक्ट के लिए 75 लाख रुपये का अनुदान दिया गया है, जिसका कुल लागत 1.5 करोड़ रुपये है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य है एएनएजीआरएएनआईएनएफ – ग्राम–नेगेटिव बैक्टीरियल–संक्रमण के लिए एंटीबायोटिक दवाओं की एक नवीन श्रेणी का विकास। माना जाता है कि इस सहयोगात्मक प्रयास से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना भारत और स्पेन की कंपनियों के बीच एक संयुक्त प्रयास है, जिसमें एबीएसी थेरेप्यूटिक्स एसएल स्पेनिश प्रोजेक्ट लीड के रूप में कार्यरत है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और प्रौद्योगिकी और नवाचार विकास केंद्र, ई.पी.ई. (सेंटर फॉर द डेवलपमेंट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन – सीडीटीआई) के नेतृत्व में इस द्विपक्षीय कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों देशों के बीच साझेदारी और व्यापार–आधारित सहयोगी परियोजनाओं को बढ़ावा देते हुए बाजार–संचालित अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देना है, जिससे कि स्वास्थ्य सेवा में नवाचार को आगे बढ़ाया जा सके।

चयनित कार्यकारी (हिट) अणु एमएमवी 1578564 ने ग्राम–नेगेटिव रोगजनकों के विरुद्ध ऐसी आशाजनक गतिविधि प्रदर्शित की है, जो आगे के अनुसंधान और विकास प्रयासों के लिए एक आधार के रूप में काम कर रही है। इसके अलावा, परियोजना का लक्ष्य एक ऐसे प्रतिस्पर्धी की पहचान करना है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नवाचार मानदंडों को पूरा करते हुए एक नई रासायनिक संरचना सुनिश्चित करता है और वर्तमान वाणिज्यिक वर्गों के साथ किसी भी प्रकार की टकराहट से बचते हुए एक नए लक्ष्य और कार्रवाई के एक नए तंत्र को सुनिश्चित करता है। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के सचिव, श्री राजेश कुमार पाठक ने इस अवसर पर कहा कि इस सहयोगात्मक पहल के माध्यम से, टीडीबी रोगाणुरोधी प्रतिरोध (एंटी माईक्रोबियल रेजिस्टेंस) जैसी महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से अग्रणी अनुसंधान प्रयासों का समर्थन करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। साथ ही बोर्ड सामाजिक लाभ के लिए नवीन विचारों को मूर्त समाधानों में बदलने की सुविधा प्रदान करने के अपने उद्देश्य पर दृढ़प्रतिज्ञ है।

# विद्या बालन की दो और दो प्यार का टीजर रिलीज



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**मुबंई।** विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार का टीजर रिलीज कर दिया गया है। मेकर्स ने 20 मार्च को फिल्म की कास्ट के फर्स्ट लुक पोस्टर भी रिलीज किए थे। इसमें विद्या बालन के साथ–साथ इलियाना डिक्रूज, प्रतीक गांधी और सेंथिल राममूर्ति का लुक दिखाया गया था। अब टीजर में विद्या बालन का मजेदार अंदाज देखने को मिल रहा है। यह एक हल्की–फुल्की लव स्टोरी के साथ दमदार वापसी को दिखाएगी। दो और दो प्यारके टीजर की शुरुआत Vidya Balan और Pratik Gandhi के साथ होती है। दोनों शादीशुदा कपल हैं और काउच पर बैठे खाना खा रहे हैं। प्रतीक गांधी, विद्या बालन को आइसक्रीम ऑफर करते हैं, पर वह यह कहकर इनकार कर देती हैं कि वह वीगन हैं और इसलिए दूध नहीं ले सकतीं। इसी पर उनके बीच बहस छिड़ जाती है, क्योंकि तब प्रतीक, विद्या को याद दिलाते हैं कि उनके फेसवॉश में भी तो दूध है। फिर दूसरे कपल Ileana Dcruz और सैंथिल राममूर्ति और उनके बीच के हल्के–फुल्के रोमांस को दिखाया जाता है।

**19 अप्रैल को रिलीज होगी**

दो और दो प्यार में विद्या बालन काव्या के किरदार में हैं, जो पेशे से एक डेंटिस्ट हैं। वहीं प्रतीक गांधी फिल्म में अनी का रोल प्ले कर रहे हैं। वह पेशे से एक लव स्ट्रक एंटरप्रेन्योर हैं। वहीं, सैंथिल राममूर्ति, विक्रम के किरदार में हैं और इलियाना डिक्रूज एक उभरती हुई एक्ट्रेस के रोल में हैं। इलियाना मां बनने के बाद इस फिल्म से एक्टिंग में कमबैक कर रही हैं। तो फिर चलिए, तैयार हो जाइए, रोमांस के जादू में डूबने और इस जर्नी के ट्विस्ट के लिए। अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत एलिपसिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की फिल्म दो और दो प्यार 19 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी। इसे शीर्षा गुहा ठाकुरता ने डायरेक्ट किया है।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# स्वास्थ्य शिविर का 142 लोगों ने उठाया लाभ



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** एनीमिया की जांच एवं रोकथाम के मिशन के साथ बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम के सहयोग से गुरुवार को खोड़बसई गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। इस शिविर का आयोजन ग्रामीण समुदाय को एनीमिया की जांच एवं उसके रोकथाम साथ ही विशेष स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार प्रदान करने के निरंतर प्रयासों के उद्देश्य हेतु किया गया, जिसमे स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मुख्य रूप से एनीमिया की जांच, स्वास्थ्य जागरूकता, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसे गैर–संचारी रोगों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

इस शिविर में कुशल चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम द्वारा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 142 लोगों की एनीमिया रक्त परीक्षण, बीपी और ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर की जाच की गई। साथ ही लोगों के बीच दवाइयां, पोषण पूरक, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली दवाइयां वितरित की गई। गांव के सरपंच अकबर मलिक द्वारा स्वास्थ्य शिविर के आयोजन लिए संस्था का धन्यवाद किया गया।

इसके अलावा एनीमिया की रोक थाम के लिए युवा और गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, संतुलित आहार और कम लागत वाले घर में बने पौष्टिक भोजन के बारे में जानकारी प्रदान की गई इस शिविर का जिला स्वास्थ्य प्रशासन का प्रतिनिधित्व डॉ. कपिल एसएमओ, सीएचसी, नूंह ने किया। शिविर में गतिविधियों का समन्वय बीएसजीएसएस के अनूप कुमार, निदेशक – संचालन के निर्देशन में चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किया गया।

# नायब सरकार में राज्य मंत्री बने संजय सिंह का नूंह की नई अनाज मंडी में पूर्व पार्षद कमल गोयल ने भव्य स्वागत किया



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नायब सरकार में राज्य मंत्री बने संजय सिंह का नूंह की नई अनाज मंडी में पूर्व पार्षद कमल गोयल ने भव्य स्वागत किया । नई अनाज मंडी की तरफ से राज्य मंत्री बने संजय सिंह को पगड़ी बाधकर सम्मानित किया गया तथा उनके आगमन पर नूंह अनाज मंडी में घंटों जमकर दीपावली की भांति पटाखे चलाकर खुशी मनाई गई। इस मौके पर नवनियुक्त राज्यमंत्री कंवर संजय सिंह ने कहा कि नूंह जिला के भाईचारे को कभी नहीं बिगडने.दिया जाएगा। कुछ गलत लोग है उनके मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया जाएगा। नूंह उनका अपना शहर है वह यहां से पहले भी चुनाव लड़े हैं इसलिए वह चाहे कहीं भी रहे लेकिन नूंह से कभी दूर नहीं हो सकते। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य मंत्री संजय सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सिंह सैनी जल्द ही पहली बार मेवात के तावडू में आएंगे। जहां पर एक विजय संकल्प रैली को संबोधित करेंगे। जहां पर उनका हजारों की तादाद में लोग इकट्ठा होकर भव्य स्वागत करेंगे। संजय सिंह ने कहा कि वो भले ही सोहना से विधायक हैं लेकिन मेवात उनका गृह क्षेत्र है। जिसका विकास कराना उनका फर्ज बनता है। संजय सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जितना विकास अपनी विधानसभा करनाल में किया उतना ही विकास उन्होंने मेवात में किया है। उन्होंने कहा कि चाहे मेवात में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे की बात हो चाहे केएमपी की बात हो भाजपा सरकार ने मेवात में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों में जितना भाजपा सरकार में मेवात का विकास हुआ है इससे पहले किसी भी सरकार में मेवात का विकास नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेवात केनाल के लिए बजट की घोषणा कर यहां के किसानों के सपनों को साकार किया है। जिससे मेवात के किसान काफी खुश हैं।

उन्होंने मेवात के मैडिकल कॉलेज की हो रही दुर्दशा पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अभी लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगी हुई है। लोकसभा चुनाव के बाद मेवात के मैडिकल कॉलेज में हो रही असुविधाओं व खामियों को दूर किया जाएगा और लोगों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने मंत्रालय का विभाग मिलने पर बोलते हुए कहा कि ये मुख्यमंत्री का कार्यक्षेत्र है कि उन्हें किस विभाग का दायित्व दे लेकिन उन्हें जिस भी विभाग की जिम्मेदारी मिलेगी उसे ईमानदारी से जनता की भलाई के लिए निभाया जाएगा। इस मौके पर व्यापारी त्रिलोकचंद गोयल, पूर्व पार्षद कमल गोयल, सरदार गुरचरण सिंह मलिक, लाला वेदप्रकाश, लाला महेन्द्र, लाला राजेन्द्र गर्ग, श्याम नागपाल, अंकुर कथूरिया, शेरसिंह, रवि नम्बरदार, सूरज खुराना, इन्दरसेन मंगला, नरेन्द्र गर्ग, विजय खुराना, गोकुल गुप्ता, हाजी जुबेर, प्रदीप बजाज, सुधीर खुराना, लाला लक्ष्मण गर्ग, पिंटू, बढढन, लाला गिर्राज प्रसाद, तरूण, नंदा मनोचा, गोपाल पंडित, नरेन्द्र पटेल भाजपा जिला अध्यक्ष,ज्ञानचंद आर्य, हेमराज शर्मा, सुरेन्द्र रजावत, मुनेश फौजी, कृष्ण प्रधान वाल्मीकि, ज्ञान वाल्मीकि, सुरेन्द्र, मुकेश गुप्ता, सुरेन्द्र माथुर, बिटटू, सतपाल सिंगला उर्फ बड्डन, इम्तयाज, मास्टर अनवर, रघुराज सिंह, नीरज सिंगला प्रधान, गौरव नागपाल, जीतू सिंगला प्रधान, मनोज मंगला मलाई, नरेन्द्र शर्मा, जगदीश शर्मा, छोटू वाल्मीकि, तेजपाल गोयल मालब, उमेश सिंगला, देवेन्द्र मालब, जुहरूदीन सरपंच गुण्डबास, साबिर मालब आदि अन्य कार्यकर्तागण,व्यापारी व किसान आदि भी मौजूद रहे।


# अवैध खनन कर ला रहे दो ट्रैक्टरो को पकड़ा, खनन माफिया पुलिस को देख भाग निकले



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** पुलिस की चौकसी के बाद भी अवैध खनन करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। हरियाणा राज्य परिवर्तन ब्यूरो चौकी नूंह के इंचार्ज इंस्पेक्टर सूरजमल की टीम ने एक बार फिर अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसा है। टीम ने फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र के गांव धमाला के पास रोड पर पत्थर से भरे दो ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा है। वहीं पुलिस टीम को देख कर दोनों ट्रैक्टरो के चालक अपने ट्रैक्टरो को खेतो में लेकर भाग गए और चलते हुए ट्रैक्टरो से कूदकर भाग निकले। पुलिस चौकी हरियाणा राज्य प्रर्वतन ब्यूरो नूंह की टीम ने पीछा करते हुए ट्रैक्टरो को जब्त कर फिरोजपुर झिरका थाने में रखवा दिया। साथ ही माईनिंग विभाग द्वारा सीज करवाया दिया। हरियाणा राज्य प्रर्वतन ब्यूरो चौकी नूंह के इंचार्ज इंस्पेक्टर सूरजमल ने बताया कि हरियाणा राज्य प्रर्वतन ब्यूरो के एडीजीपी डा ए.एस चावला, एसपी विजय सिंह जाखड, एसपी ताहिर हुसैन और डीएसपी अशोक कुमार के नेतृत्व में टीम काम कर रही है। इसी कड़ी में अवैध खनन करते दो ट्रैक्टरो को जब्त किया है। इस संदर्भ में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि जिला नूंह में अवैध खनन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिले में अवैध खनन की सूचना मिलते ही टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई की जा रही है। वहीं उन्होंने आमजनों से अपील है कि इस संदर्भ में टीम को सूचना दे ताकि अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसा जा सके।

# आरोही स्कूल प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न : भाल सिंह भाटिया



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** प्रवेश परीक्षा 2024–25 के लिए आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेवासन में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिसमें 87 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। प्रिंसिपल भाल सिंह ने बताया के आरोही स्कूल प्रवेश परीक्षा 21 मार्च को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कक्षा छठी व 11वीं के लिए प्रवेश परीक्षा हुई और आगे बताया के बुनियादी लेवल प्रथम में हमारे आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेवासन के 9 बच्चों ने परीक्षा पास कि है और बुनियाद लेवल 2 में चार बच्चों ने परीक्षा पास कि है। इसके अलावा हमारे स्कूल से एक बच्चें ने नैशनल मीन मैरिट कम स्कॉलरशिप भी पास कि है। और पिछले कई वर्षों से बोर्ड का रिजल्ट आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेवासन कोराली का शानदार रहा है। प्रिंसिपल ने आगे बताया के स्कूल की मुख्य प्राथमिकता अच्छी शिक्षा होनी चाहिए। यह शिक्षकों की क्षमता, पाठ्यक्रम, और शैक्षणिक संसाधनों के माध्यम से हासिल हो सकती है और अच्छे स्कूलों में छात्रों का संपूर्ण विकास का प्रदान किया जाता है।

स्कूलों को भी उचित उद्देश्य तैयार करने चाहिए और छात्रों को उचित सीखने का माहौल प्रदान करना चाहिए। उन्हें छात्रों को विकास के पांच पहलुओं, यानी नैतिक, बौद्धिक, शारीरिक, सामाजिक और सौंदर्य में संतुलित सीखने के अवसर प्रदान करने के साथ–साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रशिक्षित करना चाहिए। लगभग हमारे आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेवासन कोराली में वो सभी सुविधाएं उपलब्ध है जो एक अच्छे स्कूल व विद्यार्थी के लिए जरुरी है।

# प्रचार सामग्री पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम व पता छापना जरूरी : धीरेंद्र खड़गटा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया है कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम व पता अंकित होना जरूरी है। प्रचार सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम–पता अंकित नहीं होने पर छह महीने की सजा हो सकती है। चुनाव के दौरान सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ही प्रचार सामग्री की छपाई करें तथा प्रचार सामग्री छपवाने वाले व्यक्ति या उम्मीदवार का रिकार्ड भी रखें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। इस संबंध में अपने चुनाव प्रचार के दौरान सभी राजनैतिक दल व चुनाव लडने. वाले उम्मीदवार या उनके समर्थक प्रचार के रूप में पोस्टर, पंपलेट, हैंड बिल, बैनर इत्यादि छपवाते हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127क के अनुसार कोई भी प्रिंटर या प्रिटिंग प्रेस का मालिक किसी भी प्रकार की गैर कानूनी सामग्री छाप कर नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा है कि छपाई दस्तावेज पर किसी धर्म, जाति, समाज, भाषा विशेष या चरित्र हनन का प्रकाशन गैर कानूनी होगा और इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। दोषी पाए जाने पर प्रकाशन व छपवाई करवाने वाले के विरुद्ध जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127क के अनुसार छह माह की कैद या दो हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनो का प्रावधान है। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि इस अधिनियम के तहत कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुसतिका के पोस्टर, जिसके मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता नहीं है तो वह मुद्रित या प्रकाशित नहीं करेगा।

उपायुक्त ने प्रिंटिंग प्रैस मालिकों व प्रिंटर्स से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की गैर कानूनी सामग्री की छपाई न करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ही प्रचार सामग्री की छपाई करें अन्यथा उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करते हुए जिला में लोकसभा चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

# जिलास्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) की गई गठित

## मीडिया सर्टिफिकेशन के लिए भी होगी अलग से कमेटी



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया है कि लोकसभा आम चुनाव–2024 के मद्देनजर राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के राजनीतिक विज्ञापनों, पेड न्यूज व फेक न्यूज पर नजर रखने, एमसीसी की अनुपालना सुनिश्चित करने व इनके सर्टिफिकेशन अनुमति प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित की गई है, जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी एमसीएमसी के अध्यक्ष होंगे, एसडीएम नूंह एवं एआरओ नूंह सदस्य, एसडीएम तावडू सदस्य, जिला सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी नूंह, जिला सूचना एवं संपर्क अधिकारी नूंह सदस्य, विकास एवं पंचायत विभाग के एडीए सुरेंद्र राणा सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि यह कमेटी किसी भी राजनीतिक पार्टी, उम्मीदवार या किसी अन्य व्यक्ति को समाचार–पत्र, न्यूज चैनल पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाले विज्ञापनों के संबंध में प्री–सर्टिफिकेशन के लिए प्राप्त आवेदनों पर निर्णय लेगी। इसी प्रकार पेड न्यूज के संबंध में भी यह जिला स्तरीय कमेटी स्वत: निर्णय लेगी और पेड या फेक न्यूज के संदेहास्पद मामले में उम्मीदवार को नोटिस जारी करने के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को निर्देश जारी करेगी। उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए जवाब पर निर्णय लेते हुए कमेटी अंतिम फैसला लेगी, जिसके बारे में उम्मीदवार को भी सूचित किया जाएगा।

BHANU PRATAP SINGH
9687622165 1 9978622651
ENGINEERING
HiTECH
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

## संपादकीय

# अति उत्साह में आकर भाजपा कहीं 2004 के चुनावों के दौरान वाली गलती ना कर दे!



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

देवराज इन्द्र के गजराज अक्सर गन्ने खाने के लिए पृथ्वीलोक पर एक खेत में आते थे। उस खेत का मालिक बहुत परेशान था, क्योंकि फसल का नुकसान तो होता परन्तु उसे चोर के कहीं पदचिन्ह नहीं मिलते। एक रात गुस्साया किसान चोर को पकड़ने के लिए खेत में छिप कर बैठ गया, जब गजराज धरती पर उतरे तो किसान ने उस एरावत की पूंछ पकड़ ली। गजराज घबरा गए और जान बचाने के लिए तुरन्त इन्द्रलोक की ओर उड़ लिए और उसके साथ-साथ किसान भी पूंछ पकड़े उड़ चला। गजराज को चिन्ता हो गई कि जीवित व्यक्ति स्वर्गलोक पहुंचा तो सारी मर्यादा भंग हो जाएगी, तो उसने अपनी पूंछ मुक्त करवाने के लिए खूब मेहनत की। गजरात उड़ते-उड़ते कभी उल्टा-पुल्टा हुए तो कभी शरीर को झटकाया, लेकिन ज्यों-ज्यों झटके लगे किसान की पकड़ त्यों-त्यों मजबूत होती जाए। अब गजराज ने युक्ति से काम लिया और रणनीति बदली। उसने किसान से बातचीत करनी शुरू कर दी। एरावत ने पूछ लिया कि तुम इतने मीठे गन्ने उगाते कैसे हो ? अपनी बड़ाई सुन फूल कर कुप्पा हुए किसान ने सारी तकनीक बता दी। बातचीत करते-करते दोनों में मित्रता हो गई। मौका देख कर एरावत ने कहा, आज तक जितने गन्ने मैंने तुम्हारे खेत के खाए हैं चलो मैं महाराज इन्द्रदेव से बोल कर उतना सोना तुम्हें पुरस्कार में दिलवा देता हूं। सोने का नाम सुनते ही किसान इतना खुश हुआ कि ताली बजाने लगा, उसने जैसे ही ताली बजाने के लिए हाथ खोले तो धड़ाम से धरती पर आ गिरा और गजराज महोदय स्वर्गलोक को प्रस्थान कर गए। जो किसान हाथी के साथ संघर्ष के समय विकट परिस्थितियों में भी उसकी पूंछ पकड़े रहा वह अनुकूल परिस्थिति होते ही धड़ाम से धरती पर आ गिरा। प्रतिकूल परिस्थितियों के खतरे तो सर्वज्ञात हैं परन्तु कहानी बताती है कि अनुकूल हालात भी खतरे से खाली नहीं होते, प्रतिकूल हालातों में इंसान संघर्ष करता है परन्तु महौल बदलेत ही अक्सर असावधान हो जाता है और यहीं चूक कर जाता है।

# राष्ट्रीय स्तर पर सभी मानकों मे नागरिक अस्पताल रहा अव्वल मिला तीन लाख का पुरस्कार

समाचार गेट/संजय राघव

**सोहना।** सोहना का नागरिक अस्पताल राष्ट्रीय स्तर पर सभी मानकों पर खरा उतरा है। जो एन्क्वास प्रमाणित हो गया है। जिसको 3 लाख रुपये नकद व स्मृति चिन्ह दिया गया है। अस्पाल को उक्त राशि निदेशक राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र पंचकूला द्वारा प्रदान की गई है। वहीं अस्पताल के एन्क्वास प्रमाणित होने पर स्टाफ सदस्यों में भारी खुशी व्याप्त है। सोहना कस्बे के नागरिक अस्पताल राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों पर पूरी तरह खरा उतरा है। जिसको एन्क्वास प्रमाणित घोषित किया गया है। जो राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। इससे पूर्व अस्पताल राज्य स्तर पर भी एन्क्वास प्रमाणित किया जा चुका है। अस्पताल के एन्क्वास प्रमाणित होने पर 3 लाख रुपये व स्मृति चिन्ह दिया गया है। उक्त राशि अस्पताल को प्राप्त हो गई है।

**क्या है एन्क्वास :** जो अस्पताल निर्धारित 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल करके सभी मानकों को पूरा करता है उसको एन्क्वास प्रमाणित किया जाता है। जिसके लिए सर्वे टीम ने गत दिनों अस्पताल का दौरा किया था तथा सभी की जांच की थी। जिंसमें लेबर रूम, आपात रूम, ओटी, लैब आदि शामिल हैं। जिसके बाद टीम ने अस्पताल को सभी मानकों को पूरा करने की संस्तुति करके एन्क्वास प्रमाणित किया है। जिसको 3 लाख रुपये की राशि दी है। उक्त राशि में से 25 प्रतिशत स्टाफ के लिए होगी। जबकि 75 प्रतिशत राशि मरीजों के कल्याण के लिए खर्च की जाएगी।

**क्या कहते हैं एसएमओ :** अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर इंद्रजीत सिंह बताते हैं कि एन्क्वास प्रमाणित होने से स्टाफ को काफी खुशी है। जिसके लिए 22 मार्च को कार्यक्र्म आयोजित किया जाएगा। जिंसमें अभी स्टाफ सदस्यों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि हर वर्ष अस्पताल को अथक मेहनत करके ऐन्क्वास प्रमाणित कराया जाएगा।

# आज बीजेपी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार ही पार्टी छोड़कर ही भाग जाता है : मंत्री संजय सिंह

समाचार गेट/संजय राघव

**सोहना।** हरियाणा के नवनियुक्त मंत्री कुँवर संजय सिंह ने कहा जी आज भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाला पूरे देश में पास कोई उम्मीदवार नहीं है जिसका भी नाम आता है वह कुछ समय मे ही पार्टी छोड़ कर भाग जाता है। मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के मुख्यमंत्री पद से त्याग देने को एक ऐतिहासिक फैसला बताते हुए कहा कि उन्होंने महाभारत में रामायण में त्याग सुना था लेकिन पहली बार अपनी आंखों से देखा है जो उन्होंने पार्टी के लिए फैसला किया है वह सालों तक याद किया जाएगा। मंत्री बनने के बाद संजय सिंह सोहना विधानसभा पहुंचे जहां पर लोगों ने उसका स्वागत किया बाजार में जाकर मंत्री ने लोगों का धन्यवाद किया व लोगों का आशीर्वाद लिया। मंत्री ने कहा कि मोदी जी का जो 400 का सपना है वह पूरी तरह से पूरा होगा हरियाणा प्रदेश की 10 सीटों पर पूरी बीजेपी का कब्जा होगा। उन्होंने मंत्री बनने पर कहा कि पार्टी मेनिफेस्टो है उसी के आधार पर काम करूंगा। जो परिवर्तन किया गया है एक बहुत बड़ा इतिहास है। गुरुग्राम लोकसभा से इंद्रजीत सिंह प्रत्याशी है सबसे ज्यादा मतों से गुड़गांव लोकसभा से जीत दर्ज करेंगे। सोहना विधानसभा में जो भी अधूरे काम है वो पूरे किए जाएंगे। आचार संहिता के हटने के बाद जो भी विकास गति पकड़ेगा। कार्यकर्ताओ को लेकर कहा की भारतीय जनता पार्टी के साथ हर परिस्थिति में खड़े हुए है।

# पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआ खेलते 3 व्यक्तियों को 2890 रूपये की नकदी सहित किया काबू

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना सदर थाना पुलिस ने ताश के पत्तों से जुआ खेलने के आरोप में 3 व्यक्तियों को 2890 रूपये के साथ काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों से ताश के 52 पत्ते भी बरामद किए हैं। थाना सदर कनीना के इंचार्ज निरीक्षक रामनाथ ने बताया की पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा के दिशा-निर्देशन में टीम ने छापेमारी करते हुए कलवाड़ी गांव से 3 आरोपियों को जुआ खेलते रंगे हाथों काबू किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने सभी थाना व चौकी इंचार्ज को नशे का कारोबार करने वाले, जुआ-सट्टा खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। जिसके दृसटिगत पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कलवाडी से जुआ खेलते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। दो आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गए। पकडे गए तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना सदर कनीना में जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया। आरोपियों की पहचान नरेश, विक्रम और राहुल के रूप में हुई है।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट क्लब और जिला रैडक्रॉस सासाइटी के सहयोग से लगाया गया है सरमीन को कृत्रिम हाथ

## सरमीन ने जिला उपायुक्त नेहा सिंह का जताया आभार, उपायुक्त ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की करी कामना

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल




**पलवल।** जिला के हथीन खंड के गांव पावसर की दिव्यांग बेटी सरमीन खातुन को जिला उपायुक्त नेहा सिंह के निर्देशानुसार रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रीक-3011 के सहयोग से जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के मार्गदर्शन में कृत्रिम हाथ लगाया गया। कृत्रिम हाथ लगने के बाद जिला सचिवालय में जिला उपायुक्त कार्यालय में अपने पिता मुबीन व गांव पावसर के सरपंच मोहम्मद नइम के साथ पहुंची सरमीन ने उपायुक्त नेहा सिंह का आभार व्यक्त किया। उपायुक्त ने भी सरमीन का उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपायुक्त नेहा ङ्क्षसह ने रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रीक-3011 के दिल्ली साउथ सेंट्रल के सचिव डा. सुमित वर्मा, जिला रोटरी क्लब से चेयर एडमीन डा. अंजलि जैन व सचिन जैन की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब के सहयोग से दिव्यांग छात्रा सरमीन को कृत्रिम हाथ लग पाया है। वहीं उन्होंने जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की भी सराहना की। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव वाजिद अली ने बताया कि जिला उपायुक्त नेहा सिंह करीब चार महीने पहले जिला के हथीन खंड के गांव पावसर में दौरा करने पहुंची थी। इस दौरान तीन दिव्यांगजन उपायुक्त से मिले और अपनी परेशानी के बारे में बताया। इन तीनों में से आज दिव्यांग सरमीन खातून को कृत्रिम हाथ लगाया गया है। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रीक-3011 की चेयर एडमिन डा. अंजलि जैन और रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रीक-3011 दिल्ली साउथ सेंट्रल के सचिव डा. सुमित वर्मा के सहयोग से छात्रा को कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि सरमीन को जो कृत्रिम अंग लगाया गया है, इस कृत्रिम हाथ से उन्हें रोजाना प्रेक्टिस करनी होगी। इसके बाद करीब छह माह के अंदर इस कृत्रिम अंग का ओरिजनल वर्जन छात्रा को लगा दिया जाएगा। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रीक-3011 की डिस्ट्रीक चेयर एडमिन डा. अंजलि जैन ने बताया कि सरमीन खातून का काफी समय पहले चारा काटने की मशीन में हाथ आने से वह अपना हाथ खो बैठी थीं। इस दिव्यांग छात्रा ने जिला उपायुक्त के इनके गांव पावसर में दौरे के दौरान गुहार लगाई थी। उस समय उपायुक्त ने सहयोग करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद जिला उपायुक्त और जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रीक-3011 से सहयोग करने के बारे में कहा गया। इसके बाद रोटरी के दिल्ली साउथ सेंट्रल के सचिव डा. सुमित वर्मा से इस बारे में चर्चा कर निर्णय लिया गया कि इस दिव्यांग छात्रा के लिए हर संभव मदद की जाएगी। तत्पश्चात जिला प्रशासन और जिला रेडक्रॉस के सहयोग से बैंगलोर से यह कृत्रिम हाथ स्पेशल बनवाया गया है। उन्होंने कहा कि रोटरी परिवार हमेशा ही समाज की सेवा में आगे रहा है और आगे भी इस तरह के कार्यों में सहयोग करता रहेगा।

# राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडकोला में दो दिवसीय एथलेटिक मीट का हुआ समापन : डा. प्रताप सिंह चेची

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान मंडकोला के मैदान पर संस्थान के छात्रों के दो दिवसीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। एथलेटिक मीट के समापन समारोह में एसडीएम नरेंद्र कुमार बतौर मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डा. प्रताप सिंह चेची ने मुख्य अतिथि को पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। छात्राओ ने मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत किया। एथलेटिक मीट के दौरान छात्र व छात्राओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढक़र भाग लिया। इस एथलीट मीट के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम नरेंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ-साथ मनुष्य के जीवन में खेलों की महत्वता के बारे मे विस्तार में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का वास होता है। इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि खेल जहां उन्हें अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करते है, वहीं उनके शरीरिक व मानसिक विकास में भी अहम योगदान प्रदान करते हैं।

वहीं दूसरी ओर संस्थान के प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग सिर्फ शिक्षा व ज्ञान वर्धन के लिए करना चाहिए और इसका अधिकतर प्रयोग बंद करके दिन में कम से कम 30 से 40 मिनट शारीरिक अभ्यास करना चाहिए। छात्रों के शारीरिक सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष संस्थान में इस तरह की एथलीट मीट का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत सिर्फ एक परिणाम है, आपके प्रयास




और संघर्ष का अनुभव महत्वपूर्ण है। जीवन का सबसे महत्वपूर्ण रंग खेल का रंग है।

कार्यक्रम की शुरुआत ब्रांच वाइज 2004 मीटर रिले से की गई, जिसमें सिविल की ब्रांच को विजेता घोषित किया गया। इसके बाद 100 मीटर बॉयज का फाइनल किया गया, जिसमे कृष्णपाल को पहला स्थान, सुमित को दूसरा स्थान और मयंक को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। उसके बाद 100 मीटर गर्ल्स का फाइनल हुआ, जिसमें सोनिका को पहला, जयश्री को दूसरा व तन्नु को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। म्यूजिकल चेयर में कमलेश रानी को प्रथम व रजवंती को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। टग ऑफ वार प्रतियोगिता छात्रों और स्टॉफ के बीच में करवाई गई, जिसमें छात्र विजयी रहे। बेस्ट एथलीट बॉयज में सुमित और कृष्णपाल रहे, जबकि बेस्ट एथलीट का स्थान गर्ल्स में सोनिका और प्रियंका ने प्राप्त किया। इस दो दिवसीय एथलेटिक मीट के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य डा. प्रताप सिंह चेची ने सभी प्रतिभागियों व स्टॉफ सदस्यों को मेडल व स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया और छात्र-छात्राओं को खेलों में बढ़-चढक़र भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रेसिडेंट स्पोर्ट अनूप सिंह यादव, एचओडी कंप्यूटर मोहनलाल, कार्यालय उपाधीक्षक महेंद्र सिंह, सूबे सिंह, बाबूलाल, रणधीर सिंह रावत, डीपी प्रताप सिंह व वेदराम शर्मा, राहुल कौशिक, आजाद, संदीप कुमार, मनोज, रविंद्र आदि मौजूद रहे।

# वाहनों पर लाउडस्पीकर लगाने से पहले लेनी होगी अनुमति

## सख्ती से करना होगा नियमों का पालन, अन्यथा होगी कार्यवाही

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने भारत के चुनाव आयोग के निर्देशों और जिला पलवल में चुनाव अभियानों के लिए लाउडस्पीकरों के उपयोग के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए है। उन्होंने आदेशों में कहा है कि चुनाव अवधि के दौरान लाउड स्पीकर के उपयोग को पूरी तरह से नहीं रोका जा सकता है, लेकिन साथ ही, विषम समय में और विषम स्थानों पर बहुत अधिक ध्वनि पर लाउडस्पीकर का अंधाधुंध और निर्बाध उपयोग से शांति प्रभावित होती है और लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के दौरान चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिला पलवल में लाउडस्पीकरों के उपयोग को सख्ती से विनियमित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सार्वजनिक संबोधन प्रणाली या लाउडस्पीकर या कोई भी ध्वनि एम्प्लीफायर, चाहे वह किसी भी प्रकार के वाहनों पर लगा हो, या चुनाव प्रचार के उद्देश्य से सार्वजनिक बैठक के लिए उपयोग किया जा रहा हो, उसका रात में 10 बजे से लेकर सुबह के 6 बजे के बीच उपयोग नहीं किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार को किसी भी वाहन पर लाउडस्पीकर का उपयोग करने के लिए प्रशासन की ओर से पूर्व अनुमति लेनी होगी। सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और यहां तक कि किसी भी व्यक्ति को चलती गाड़ी या किसी निश्चित स्थान पर लाउडस्पीकर का उपयोग करने के लिए अनुमति लेनी जरूरी है। यह अनुमति रिटर्निंग ऑफिसर, 10-फरीदाबाद संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के पीसी/एआरओ और उपायुक्त-सह-जिला चुनाव अधिकारी पलवल से लेनी होगी। वहीं वाहनों पर लाउडस्पीकर का उपयोग करने से पहले स्थानीय पुलिस अधिकारियों को उनके द्वारा प्राप्त परमिट का पूरा विवरण लिखित रूप में देना होगा।

लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए परमिट देने वाले प्राधिकारी और पुलिस प्राधिकारी सख्ती से यह लागू करेंगे कि आदर्श आचार संहिता के किसी भी निर्देश का उल्लंघन करके किसी भी व्यक्ति द्वारा लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जाए। यदि किसी राजनीतिक दल अथवा उम्मीदवार द्वारा लिखित अनुमति के बिना लाउडस्पीकर का उपयोग किया जाता है तो लाउडस्पीकर और उसके साथ लगे सभी उपकरणों को तत्काल जब्त कर लिया जाएगा। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा इन निर्देशों के किसी भी उल्लंघन या गैर-अनुपालन को गंभीरता से लिया जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इन निर्देशों का उल्लंघन होने या अनुपालन न करने की स्थिति में संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

# उन्हाणी में बाबा भैया का मेला 23 को

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** उपमंडल के गांव उन्हाणी में फाल्गुन शुदी द्वादसी तिथि को बाबा भैया की याद में आज शुक्रवार को धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में सरंपच प्रतिनिधि जयप्रकाश ने बताया कि 22 मार्च की रात्री को जागरण होगा जिसमें महिला एवं पुरूष गायक कलाकार धार्मिक भजन प्रस्तुत करेगें। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को सुबह मंदिर प्रांगण में हवन होगा। जिसमें प्रबुधजन आहुति डालेगें। उसके बाद भंडारा शुरू होगा। जिसमें श्रधालुओं को प्रसाद वितरित किया जायेगा। मेले में दूर दराज से आए श्रधालु हिस्सा लेगें। समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# स्याणा में वॉलीबॉल स्मेसिंग ओपन प्रतियोगिता 24 को

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** होली पर्व के उपलक्ष में 24 मार्च को कनीना सब डिवीज़न के गांव स्याणा में एक दिवसीय वॉलीबॉल स्मेसिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। ग्रामीण संजय यादव ने बताया कि बाबा कुशाल दास की स्मृति में आयोजित यह ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में होगी। जिसमें दूर दराज आई टीमें हिस्सा लेंगी। ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 25000 तथा उपविजेता टीम को 15000 रूपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

SAMRAAT YADAV 9899989964
सम्राट
PROPERTY AND CONSTRUCTION
DEALS IN
ALL HSVP SECTORS - 62,64,65 AND AGRICULTURAL LAND & INDUSTRIAL PLOTS
PLOT NO.360P SECTORS -65 BALLABGARH FARIDABAD 121004

VAISHALI PROPERTIES
DEALS IN :ALL HSVP SECTORS FARIDABAD
PLOT NO .934, SECTOR-64 NEAR 64-65 DIVIDING,BALLABGARH,FARIDABAD
RAMESH AGGARWAL 9810772292

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# पलवल जिले के गाँव दूधोला में कई वर्षो से चल रहे अवैध कब्जे पर चला पीला पंजा



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** जिले के गांव दुधौला में पिछले कई वर्षों से चल रहें अवैध कब्जे को पंचायत के अनुरोध पर आज प्रशाशन ने पीला पंजा चलाकर अवैध कब्जे को विकास कार्य हेतु पंचायत के हवाले कर दिया। इस दौरान प्रशाशनिक अधिकारीयों के अलावा पुलिस बल और पृथला ब्लॉक संगठन क्रे प्रधान व गांव के सरपंच सुनील चौधरी के अलावा अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। गांव दुधौला के सरपंच सुनील चौधरी ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया की कुछ लोगों ने करीब 4-5 वर्ष से पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ था जो गांव में विकास में बाधक बन रहा था जिसको आज जिला उपायुक्त नेहा सिंह ट अन्य प्रशाशनिक और पुलिस अधिकारीयों के सहयोग से अवैध कब्जा मुक्त कर दिया है। उन्होंने बताया की यह करीब 2000 वर्ग गज जमीन थी जिसमें महिला चौपाल और आंगनवाड़ी केंद्र के साथ साथ बुजुर्गों की धरोहर होली चौक था जिसपर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ था जिसको आज अवैध कब्जे मुक्त किया गया है अब इसका सौंदर्यकरण कर इस जगह पर भव्य होलिका दहन स्थल और अन्य विकास कार्य कराये जायेंगे। उन्होंने कहा की आज इस जगह को कब्जा मुक्त होने से सभी ग्रामीण खुस हैं केवल उन्ही लोगों को दिक्क्त हैं जिन्होंने अवैध कब्जा किया हुआ था। पुलिस बल में तैनात पुलिस अधिकारी शीशपाल ने बताया की उन्हें खंड एवं विकाश पंचायत अधिकारी की तरफ से अवैध कब्जा हटाते समय पुलिस बल तैनाती का पत्र मिला था जिसके चलते शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए यहाँ पुलिस बल तैनात रहा और पंचायती जमीन से अवैध कब्जा हटा दिया गया है।

# कांग्रेस पार्टी में हितों की अनदेखी होने पर कहा अलविदा : राव बहादुर सिंह

## कनीना में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में बोले




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कांग्रेस पार्टी की ओर से दक्षिण हरियाणा की अनदेखी किए जाने पर पार्टी को अलविदा कहकर जेजेपी का दामन थामने वाले पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह बृहस्पतिवार को कनीना में पत्रकारों से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के मठाधीश पूर्व मुख्यमंत्री चौ भूपेंद्र हुड्डा की ओर से इस क्षेत्र की तथा कार्यकर्ताओं की तगातार अनदेखी की जा रही थी। जबकि छोटे-बडे हुड्डा का इस क्षेत्र ने पूरा मान सम्मान किया।

हुड्डा की ओर से अटेली जैसे हलके से विस सभा के लिए 5-5 व्यक्तियों को टिकट के लिए तैयार किया गया है। उनकी निती फूट डालने की रही है। कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश में सीएम पद के 5-5 दावेदार जताए जा रहे हैं। जिससे संगठन की मजबूती तार-तार हो रही है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हरियाणा की राजनीति में अहम रोल अदा करने तथा प्रदेश का विकास करवाने में चौ देवीलाल का हाथ रहा है। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला में ताउ देवीलाल का अक्ष दिखाई देता है। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि इनेलो व जेजेपी भले ही दादा-पौते की पार्टी है लेकिन परिवार तो एक है। उन्होंने कहा कि उनके लिए भाईचारा, माता-पिता पहले हैं उसके बाद पार्टी संगठन। पार्टी ने टिकट दी तो भिवानी-महेंद्रगढ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लडेगें।

# सुरक्षा पहलुओं को लेकर थाना अध्यक्ष ने पंप संचालकों, ज्वेलर्स तथा बैंक कर्मियों के साथ की बैठक



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** क्षेत्र में सुरक्षा व शांति बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कडी में बृहस्पतिवार को सिटी थाना प्रबंधक निरीक्षक सुधीर कुमार पेट्रोल पंप संचालकों, बैंक कर्मचारियों और ज्वेलर्स के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। थाना इंचार्ज ने पेट्रोल पंप संचालकों को 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे ऑन रखने तथा समय-समय पर जांच करने के निर्देश दिएं। एसपी अर्श वर्मा के दिशा निर्देशन में पीपी, बैंक कर्मचारियों व ज्वेलर्स को सुरक्षा बरतने के तरीका व अपने पेट्रोल पंप में काम करने वाले सभी कर्मचारियों का नाम पता आधार कार्ड सहित रजिस्टर में अंकित करें। पेट्रोल पम्प, बैंक या ज्वेलर्स शॉप के आस पास कोई व्यक्ति बार-बार चक्कर लगाता है या ऐसी हरकत करते पायी जाती है तो उसकी सूचना डायल 112 या पुलिस थाना को दें। पेट्रोल पंप के सामने वाहनों ट्रक इत्यादि को ना खड़ा करें। सुरक्षा की दृष्टि से पेट्रोल पंप, बैंको, ज्वेलर्स शॉप के सभी सीसीटीवी को चालू हालत में रखें। बैंक कर्मचारियों को कहा कि सिक्योरिटी गार्ड्स का सत्यापन जरूर कराएं।


बैंक में संबंधित थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी का फोन नंबर सूचना पट्ट पर लिखने, बैंक गार्ड की जानकारी थाना को देने, अलार्म सिस्टम को सुरक्षित स्थान पर लगाने, सीसीटीवी कैमरा के रिकार्डर को सुरक्षित स्थान पर रखने को कहा। सुधीर कुमार ने कहा कि सभी लोग कैमरे को इस प्रकार स्थापित कराएं कि उन्हें सामने से गुजरने वाली वाहनों की नंबर प्लेट स्पष्ट रूप से दिखाई दे। उन्होंने ज्वेलर्स से कहा कि आपके पास ज्वैलरी बेचने आने वालों के पहचान पत्र अवश्य देखें, साथ ही एक रजिस्टर में उनके नाम, पता भी इंद्राज करें।

# जोहड से गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर कोटिया के ग्रामीणों ने दिया सांकेतिक धरना



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव कोटिया के जोहड में गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को गांव में ही जोहड के समीप सांकेतिक धरना दिया। जिसकी सूचना मिलने पर हरकत में आए खंड प्रशासन ने ग्रामीणों की समस्या सुनी ओर शीघ्रता से समाधान का आश्वासन दिया। उसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि बसति के बीच बने जोहड में गंदा पानी जमा होता है, बारिश के मौसम में हालात ओर भी खराब हो जाते हैं। ग्रामीणों ने ओपन नाला बनाकर इस पानी को गांव से बाहर डालने की मांग की। उन्होंने कहा कि पंचायत जोहड की सफाई करवाने के नाम पर राशि का गबन कर जाती है, स्थाई समाधान नहीं किया जाता। मौके पर पंहुचे एसईपीओ कृष्ण लाल व जीएस अरविंद ने ग्रामीणों से कहा कि उनकी जायज समास्या है। जिसका समाधान किया जायेगा। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अरूण कुमार ने कहा कि ग्रामीणों की इस समस्या के निदान के लिए ओपन नाला बनवाकर जोहड के पानी को गांव से बाहर निकाल दिया जाएगा। उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।




# शिविर के छठे दिन डीईओ अशोक बघेल स्वयंसवकों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का किया आह्वान

**मेरा पहला वोट देश के नाम अभियान के माध्यम से सभी स्वयंसेवको को वोट के महत्व तथा अधिकारों के प्रति किया जागरूक**




**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**


**पलवल।** डा.बी.आर. अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल के प्राचार्य डा. बाबू लाल शर्मा के निर्देशन एवं एन.एस.एस. अधिकारी अनिल व वंदना भारद्वाज, मनोज कुमार के नेतृत्व में सात दिवसीय शिविर के छठे दिन जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रनिर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा जगत में आ रही नई चुनौतियों से अवगत कराते हुए बताया कि हम शिक्षा के माध्यम से समाज में ऊचें से ऊचा स्थान प्राप्त कर सकते है। राजकीय महाविद्यालय पलवल के प्राचार्य डा. बाबू लाल शर्मा ने एन.एस.एस. के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि एन.एस.एस. एक ऐसी युनिट है जो विद्यार्थियों को समाज से जोड़ती है और जाति, धर्म से ऊपर उठकर आपस में मिलजुल कर समाज के लिए कार्य करना सिखाती है।

इस अवसर पर योगाचार्य गुरुमेश ने विभिन्न योगों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यदि हम योग को अपने जीवन का हिस्सा बना लें तो योग द्वारा विभिन्न रोगों से छुटकारा पा सकते हैं। इसी के साथ जिंदगी की खुशियां फाउंडशन के सदस्य मंजूर अहमद ने सभी स्वयंसेवकों का सुबह 1 घंटे योग कराया। इस शिविर के छठे दिन राजकीय महाविद्यालय हथीन के गणित प्राध्यापक डा. जय प्रकाश ने नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी देते हुए सभी को नई शिक्षा नीति से होने वाले लाभ के बारे में बताया। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय पलवल के भूगोल प्राध्यापक दिलबाग सिंह ने मेरा पहला वोट देश के नाम अभियान के माध्यम से सभी स्वयंसेवको को वोट के महत्व तथा अधिकारों के प्रति जागरूक किया।






# नए मंत्रियों की नियुक्ति आदर्श आचार सहिंता का उलंघन : विधायक नीरज शर्मा


पं० नीरज शर्मा
विधायक - फरीदाबाद NIT-86
सदस्य - स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज कमेटी
निवास व कार्यालय - 1623, जवाहर कॉलोनी, फरीदाबाद - 121005
ई-मेल - neeraj.sharma0456@gmail.com
0129-2472211

FBD/24-25/ 189 Dt 21/03/2023

श्री राजीव कुमार जी,
मुख्य निर्वाचन आयुक्त,
निर्वाचन आयोग, भारत।

विषय: हरियाणा सरकार द्वारा आदर्श आचार सहिंता का उल्लधंन करने बारे।

श्रीमान जी,

विषयांकित मामले में आपको लिखा जाता है कि जैसा कि दिनांक 16 मार्च 2024 से देश में आदर्श आचार सहिंता लागू है। लेकिन उसके बावजूद हरियाणा सरकार द्वारा दिनांक 19 मार्च 2024 को मंत्रीमंण्डल का विस्तार किया और 8 मंत्रियों को राजभवन में शपथ दिलवाई। हरियाणा सरकार के गजट नोटिफिकेशन में स्पष्ट लिखा है कि माननीय राज्यपाल महोदय ने मुख्यमंत्री के परामर्श पर 8 मंत्रियों की नियुक्ति के आदेश दिए है। जबकि आदर्श आचार सहिंता में नई नियुक्ति पर पूणताः रोक है और उसके बावजूद मंत्री पद पर नियुक्ति दिलवाना सरासर आदर्श सहिंता की उल्लधना है क्योकि मै आपको विभिन्न राष्ट्रीय हिन्दी एंव अग्रेजी समाचार पत्रों के पत्र की प्रति आपको इस पत्र के साथ प्रेषित कर रहा हूँ जिसमें स्पष्ट है कि जातिगत एंव इलाका समीकरण को देखते हुए इस नए मंत्रियों की नियुक्ति की है। जबकि आपके आदेशो में स्पष्ट है कि आदर्श आचार सहिंता में कोई ऐसा कार्य नही किया जाएगा जोकि मतदाताओं को लुभाने एंव उनको अपनी और अकर्षित करता हो।


इसलिए आपको लिखा जाता है कि आप इसपर तुंरत प्रभाव से सज्ञांन लेकर हरियाणा सरकार द्वारा जो नए मंत्रियों की नियुक्ति की है उसको तुंरत रदद किया जाए और आदर्श आचार सहिंता का उल्लधंन मामले पर दोषी अधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करे।

आपका
नीरज शर्मा

उपरोक्त की प्रति निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित है।

1. मुख्य सचिव, हरियाणा।
2. मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा।




Haryana Government Gazette
EXTRAORDINARY
Published by Authority
© Govt. of Haryana
No. 47-2024/Ext.] CHANDIGARH, TUESDAY, MARCH 19, 2024 (PHALGUNA 29, 1945 SAKA)

HARYANA GOVERNMENT
GENERAL ADMINISTRATION DEPARTMENT
CABINET SECRETARIAT
Notification
The 19th March, 2024

No. 1/3/2024-2 Cabinet.— The Governor of Haryana, on the advice of the Chief Minister, has been pleased to appoint the following Members of Legislative Assembly to be the members of the Council of Ministers :-

MINISTER
1. Dr. Kamal Gupta

MINISTER OF STATE (Independent Charge)
1. Smt. Seema Trikha
2. Shri Mahipal Dhanda
3. Shri Aseem Goel Naneola
4. Dr. Abhe Singh Yadav
5. Shri Subhash Sudha
6. Shri Bishamber Singh
7. Shri Sanjay Singh

They have taken the oath of office and secrecy and entered upon the duties of their office with effect from 19th March, 2024.

ATUL DWIVEDI,
Secretary to Governor Haryana.

T.V.S.N. PRASAD,
Chief Secretary to Government Haryana.

**समाचार गेट ब्यूरो**
**दिल्ली/चंडीगढ़/फरीदाबाद, 21 मार्च।** एनआईटी विधायक नीरज शर्मा ने एक बार फिर भाजपा सरकार को धेरा। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि दिनांक 16 मार्च 2024 से देश में आदर्श आचार सहिंता लागू है। लेकिन उसके बावजूद हरियाणा सरकार द्धारा दिनांक 19 मार्च 2024 को मंत्री मंण्डल का विस्तार किया और 8 मंत्रियों को राजभवन में शपथ दिलवाई। हरियाणा सरकार के गजट नोटिफिकेशन में स्पष्ट लिखा है कि माननीय राज्यपाल महोदय ने मुख्यमंत्री के परामर्श पर 8 मंत्रियों की नियुक्ति करवाई।


विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि आदर्श आचार सहिंता में नई नियुक्ति पर पूणताः रोक है और उसके बावजूद मंत्री पद पर नियुक्ति दिलवाना सरासर आदर्श सहिंता की उलंघन है। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि राष्ट्रीय हिन्दी एंव अग्रेजी समाचार पत्रों में स्पष्ट लिखा है कि नए मंत्रियों की नियुक्ति जातिगत एंव इलाका समीकरण को देखते हुए नए मंत्रियों की नियुक्ति की है।

विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि चुनाव आयोग ने अपने आदेशो में स्पष्ट कहा है कि आदर्श आचार सहितां में कोई ऐसा कार्य नही किया जाएगा जोकि मतदाताओं को लुभाने एंव उनको अपनी और अकर्षित करता हो। विधायक नीरज शर्मा ने मुख्य चुनाव आयोग को इस बाबत शिकायत करते हुए लिखा है कि हरियाणा सरकार द्धारा जो नए मंत्रियों की नियुक्ति की है उसको तुंरत रद्द किया जाए और आदर्श आचार सहिंता का उलंघन मामले पर दोषी अधिकारियों पर सख्त से सख्त कार्यवाही करे।

# चुनाव आयोग ने केंद्र को व्हाट्सएप पर विकसित भारत मैसेज देने पर तुरंत रोका

**समाचार गेट ब्यूरो**
**दिल्ली, 21 मार्च।** व्हाट्सएप पर 'विकसित भारत' मैसेज को शेयर करने से तुरंत रोकने का निर्देश चुनाव आयोग की ओर से दिया गया है. गुरुवार को आयोग ने यह निर्देश दिया है. यहां चर्चा कर दें कि पिछले कुछ दिनों से व्हाट्सएप पर लोगों को एक मैसेज आ रहा है जिसमें 'विकसित भारत संपर्क' की बात कही जा रही है. यह मैसेज केंद्र की मोदी सरकार का प्रचार करता सुनाई पड़ रहा था जिसे तुरंत रोकने का निर्देश चुनाव आयोग की ओर से दिया गया है. चुनाव आयोग की ओर से मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी यानी MeitY को कहा गया है कि वह तुरंत प्रभाव से ऐसे मैसेज पर रोक लगाए ताकि व्हाट्सएप पर लोगों को ये मैसेज ना मिले.

**क्या कहा गया चुनाव आयोग की ओर से**


By Special Messenger/E-mail
भारत निर्वाचन आयोग सचिवालय
SECRETARIAT OF THE ELECTION COMMISSION OF INDIA
निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001
Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi-110001.
No. 437/6/CG-HP/ECI/ LET/FUNCT/MCC/2024 Dated: 21st March, 2024

To

Secretary,
Government of India
Ministry of Electronics and Information Technology,
New Delhi-110001.

[Kind attn: Mr. Shobhendra Bahadur, Director(Pers)]

Subject: - Regarding no further delivery of Messages regarding Viksit Bharat during Model Code of Conduct.

Sir/Madam,

I am directed to refer to Ministry of Electronics and Information Technology letter No. 7(1)/2023-GC, dated 16.03.2024, received from Director(Pers), on the subject cited, wherein it has been mentioned that the 'WhatsApp messages' referred in the letter were sent out on 15th March i.e. before the MCC came into force. It was informed in that letter that though the letters were sent out before MCC period, but due to system architecture and network limitations it is possible that some letters have a delayed delivery.

The Commission has received complaints from various quarters that such messages are still being delivered on citizens' phones. Since the MCC is now in force, you are hereby directed to ensure forthwith that no further delivery of 'WhatsApp messages' take place during MCC period. A compliance report in this regard may be sent immediately.

Yours faithfully,

(NARENDRA N. BUTOLIA)
SR. PRINCIPAL SECRETARY

चुनाव आयोग की ओर से कहा गया कि उसकी जानकारी में आया है, देश में आचार संहिता लागू होने के बाद भी लोगों के पास व्हाट्सएप पर मैसेज भेजे जा रहे हैं. आयोग के निर्देश पर MeitY की ओर से भी जवाब दिया गया. उसकी ओर से कहा गया कि ऐसे मैसेज पहले भेजने का काम किया गया था. ऐसा हो सकता है कि कुछ लोगों के पास मैसेज पहुंचने में देर हो गई हो और उन्हें ये मैसेज अब मिल रहा हो.

**चुनाव की तारीख की हो चुकी है घोषणा**

आपको बता दें कि चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान किया था. पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा जबकि सातवें और अंतिम चरण के तहत लोग 1 जून को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. मतों की गिनती चार जून को होगी. चुनाव आयोग की घोषणा के साथ ही देश में आचार संहिता लागू हो चुका है.

# मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव मिर्जापुर माजरा पहुंचे नायब सैनी



**समाचार गेट ब्यूरो**
**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अपने पैतृक गांव मिर्जापुर माजरा (अंबाला-नारायणगढ़) पहुंचे और नगर खेड़ा पर माथा टेका और बड़े बुजुर्गों का भी आशीर्वाद लिया। गांव में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत के लिए उमड़ी भीड़ से मुख्यमंत्री भी गदगद हो गए और भाव विभोर होते हुए कहा कि जिस भाईचारे, प्रेम और मनुहार से मुख्यमंत्री के रूप में ग्रामवासियों ने स्वागत किया है उस स्नेहिल आशीर्वाद को जीवन भर याद रखूंगा। घर पहुंचने पर यहां उनकी माता कुलवंत कौर ने तिलक करके अपने बेटे मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत किया और अपना आशीर्वाद दिया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि आज मैं यहां अपने गांव आकर सुकून और अपनी मिट्टी की खुशबू से सराबोर हूं। उन्होंने कहा कि लस्सी और गुड़ के साथ बाजरे की रोटी का स्वाद और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद यहां खींच लाया है। यहां पूर्व सीएम मनोहर लाल के समाज के प्रति त्याग और सेवाभाव का जिक्र किया और कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए मनोहर लाल ने प्रदेश की सेवा करने में दिन-रात मेहनत की है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अंबाला से सांसद रहे स्वर्गीय रतनलाल कटारिया को भी याद किया। उन्होंने कहा श्री कटारिया का हमेशा मेरे उपर आशीर्वाद रहा है। स्व. कटारिया ने सदा सहयोग करते हुए आगे बढ़ाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने अंबाला लोकसभा से प्रत्याशी बंतो कटारिया को बड़े बहुमत से जीताकर संसद भेजने की अपील भी की।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश और प्रदेश में ऐतिहासिक काम किए हैं। इन 10 सालों में देश और प्रदेश में तेजी से विकास हुआ है। गरीब कल्याण की नीतियों से गरीब परिवारों का जीवन स्तर बदला है। भाजपा सरकार में किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए अनेकों योजनाएं बनी हैं जिनसे हर वर्ग को फायदा पहुंचा है। नायब सैनी ने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए 10 की 10 लोकसभा सीटें प्रचंड बहुमत से जीताना अब आप सभी लोगों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जब भी आप लोग मुझे याद करोगे मैं यहां उपरस्थित रहूंगा। इस मौके पर राज्यमंत्री असीम गोयल, राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिला अध्यक्ष मंदीप राणा, अंबाला लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया के अलावा सैकड़ों ग्रामवासी उपरस्थित रहे।

# इलेक्टरोल बांड पर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पर किया पलटवार, कहा पहले यह अपना बताए फिर दूसरों का पूछे

**पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने शिवसेना नेता संजय राउत के बयान की निंदा करते हुए कहा राजनीति में ऐसे-ऐसे लोग जिन्हें मर्यादा का बिल्कुल भी ध्यान नहीं**

**पूर्व मंत्री विज ने टविट किया कुछ तो है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन, दौरे-ए-जमां हमारा**



**समाचार गेट ब्यूरो**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री तथा अम्बाला छावनी के विधायक श्री अनिल विज ने कांग्रेस द्वारा इलेक्टोरल बांड को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए कहा कि पहले यह (कांग्रेस) अपना तो बताए। श्री विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इनकी इंडी गठबंधन का सारा जमा करके देखों कि इनको कितना और भाजपा को कितना मिला है। इसके अलावा, एक-एक प्रदेश की पार्टियों व देश की सबसे बड़ी पार्टी को कितना मिला है, पहला यह अपना बताए फिर दूसरों का पूछे। वहीं, कांग्रेस के खाते सील होने के मामले में अनिल विज ने कहा कि इस मामले में जो कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।

**राजनीति में ऐसे-ऐसे लोग जिन्हें मर्यादा का बिल्कुल भी ख्याल नहीं : पूर्व मंत्री अनिल विज**

संजय राउत द्वारा प्रधानमंत्री की तुलना औरंगजेब से करने पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज राजनीति में ऐसे-ऐसे लोग है जिन्हें मर्यादा का बिल्कुल भी ख्याल नहीं है और इनके जहन से यह मुगलिय शब्द क्यों बार बार निकल रहे हैं, इन्होंने इन्हें दिमाग में बिठा रखा है।

**केजरीवाल पहले टवीट कर ज्ञान बांटते थे, उनकी कथनी और करनी में अंतर : अनिल विज**

ईडी के सम्मन पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नहीं जाने पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि हर नागरिक को कानून का सम्मान करना चाहिए और यह तो टवीट कर दूसरों को ज्ञान बांटते थे कि सीबीआई, पुलिस या ईडी बुलाए, तो उसमें सहयोग कर चाहिए। मगर, केजरीवाल की कथनी और करनी में अंतर है। इनके सरकार में आने से पहले और सरकार में आने के बाद बयान बिल्कुल विपरीत है। यह दूसरों को उपदेश देते थे और यदि आप ठीक हो तो जाओ, अपनी बात बताओं, आपको किस बात कर डर है।

**टवीट पर बोले अनिल विज, यह देशभक्ति की पंक्तियां हैं।**

वहीं, पूर्व मंत्री अनिल विज द्वारा आज टवीट किया गया जिस पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि यह टवीट तो देश भक्ति की पंक्तियां है, जब हमारा स्वतंत्रता संग्राम चल रहा था यह तब की पंक्तियां है। कुछ तो है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी, सदियों रहा है दुश्मन, दौरे-ए-जमां हमारा। उधर, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी द्वारा पूर्व मंत्री अनिल विज से मिलने और चाय पीने के बयान पर उन्होंने कहा कि वो कई बार कह चुके, वो जब भी आए, उनके लिए चाय तैयार है।

# साइबर सिटी में बृज की तर्ज पर होली 23 मार्च को

**सामाजिक समरसता समिति करेगी फूलों की होली का आयोजन**

**हजारों लोग प्रेम और सौहार्द के पर्व में होंगे शरीक**



**समाचार गेट ब्यूरो**
**गुरुग्राम।** बृज की होली नहीं देखी है तो इस बार साइबर सिटी के लोग शहर में ही इसका आनंद उठा सकते हैं। 23 मार्च शनिवार को शहर के पटौदी चौक स्थित भगवान परशुराम भवन में बृज की होली के हर रंग देखने को मिलेंगे। सामाजिक समरसता समिति की ओर से 23 मार्च की शाम तीन से सात बजे तक होली मंगल मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें वृंदावन और मथुरा के कलाकार अपनी लोककला का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही यहां के निवासियों के साथ बृज की होली के रंग साझा करेंगे। इस समारोह में शहर से हजारों लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

सामाजिक समरसता समिति ने बृज की तर्ज पर होली मनाने की तैयारियां आरंभ कर दी है। इसमें राधा-कृष्ण और गोपियों की अटखेलियां होंगी। करीब तीन घंटे तक बृज और मथुरा के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। यहां फूलों की होली की व्यवस्था की गई है। समिति के मुख्य संरक्षक एवं भाजपा हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने इसकी तैयारियां साझा करते हुए बताया कि कार्यक्रम दोपहर बाद तीन बजे आरंभ होगा। होली प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का त्योहार है। इसीलिए समाज के सभी वर्ग इसमें शामिल होकर अपनी होली की खुशी एक दूसरे के साथ बांट सकते हैं। सनातन संस्कृति वाले देश में हर त्योहार का अपना महत्व है। होली का सभी त्योहारों में विशेष महत्व है। शहर में होली पर यह अपने आपमे अनूठा आयोजन है। इसमें शामिल होने वाले लोग अलग अनुभव लेकर जाएंगे।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि आरएसएस के क्षेत्रिय संघचालक माननीय पवन जिंदल जी शामिल होंगे। भाजपा हरियाणा के संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सामाजिक समरसात समिति की ओर से समाज में सामाजिक सौहार्द बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। होली मंगल मिनल समारोह भी सामाजिक समरसता का संदेश देने के साथ ही सौहार्द और प्रेम तथा भाईचारे को बढ़ाने में सहायक बनेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए रात्रि भोज की व्यवस्था की गई है।

# भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

**समाचार गेट ब्यूरो**
**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की गई है। कर्मचारी प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा ने सह संयोजकों, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों और जिला संयोजकों की नियुक्ति की है। भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पुनिहाणी ने बताया कि प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा ने सह-संयोजक के पद पर सूरत सिंह बाबलिया, सुखविन्द्र सिंह बराड, बलबीर रोहिल्ला, बलवंत पांचाल, एम.आर. लरोइयॉ को नियुक्त किया है। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी में शिव प्रसाद शर्मा, ए.के. भनोट, महेन्द्र सिंह नरवाल, रवि चौधरी, संजीव कुमार, बी.के.मेहता-रिटायर्ड कमाडेंट, सुख दर्शन अत्री, बलबीर सिंह-रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक, राजपाल शेरा, सतीश कौशल, रणबीर सिंह, हरीश चंद्र गुलाटी, ओम नाथ मालिक, राजरूप यादव, पुष्पेन्द्र शर्मा, ईश्वर सिंह कौशिक, मोहन सिंह मनोचा, श्रीनिवास, शमशेर सिंह यादव, कृष्ण जुलानी, किशोरी लाल गुप्ता, जगत सिंह दलाल, जीके अरोड़ा, विनोद बिहारी शर्मा, प्रभु दयाल कौशिक, विजय अग्रवाल, विजय यादव, समुन्दर सिंह ग्रोवर, बलदेव सिंह, रणबीर फोगाट, महाबीर सिंह यादव, ओमप्रकाश यादव, सुरेंद्र यादव, सर्वसुख यादव रि.एस.एच.ओ, यशपाल यादव, संवत सिंह यादव, बी.पी. यादव रि.ए.एफ.एस.ओ., जे.पी.दहिया, प्रताप सिंह यादव, राजबीर रोहिल्ला, हरीश कुमार भृगू, रतिपाल सिंह, धर्मबीर, विजय वीर, बिपिन्न कुमार शर्मा और आर.सी. कटोच को शामिल किया है।

भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पुनिहाणी ने बताया कि भरतपाल को पंचकूला संयोजक और मानसिंह सबगा को अंबाला जिला का संयोजक बनाया गया है। इसी प्रकार से रोशनलाल शर्मा को यमुनानगर, ईश्वर कौशिक को कुरूक्षेत्र, श्यामाल कल्याण को कैथल, श्यामलाल कम्बोज को करनाल, सतपाल जांगड़ा को पानीपत, सतपाल कौशिक को सोनीपत, रवि चौपड़ा को जींद, बलजीत प्रजापति को झज्जर तथा सुभाष भल्ला को रोहतक जिला संयुक्त नियुक्त किया है। संदीप पुनिहाणी के अनुसार हुनमान गोदारा को सिरसा, वेद प्रकाश गौड़ को हिसार, धर्मपाल जांगड़ा को फतेहाबाद, विनोद कुमार को भिवानी, रामोतार यादव को दादरी, सतबीर यादव को महेन्द्रगढ़, हंसराज यादव को रेवाड़ी, ओम प्रकाश यादव को गुड़गांव, हरकेश सिंह को नूंह, शीतलदास चेयरमैन को पलवल तथा सीके राय को जिला फरीदाबाद संयोजक नियुक्त किया है।









# पुलिस अधीक्षक नूंह ने लोकसभा चुनाव - 2024 को शांति पूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी प्रबन्धक थाना, स्टाफ / चौकी इंचार्ज व पर्यवेक्षण अधिकारियों की अपराध गोष्टी कर दिये उचित दिशा-निर्देश

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर जिला नूंह के सभी शस्त्र लाईसैंस धारक अपने-2 हथियार तुरन्त प्रभाव से संबनधित थाना एवं गन हाउसों में चुनाव प्रक्रिया के समापन होने तक नियमानुसार जमा करवाये । किसी भी लाईसैंस असला धारक के असला जमा ना होने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निरस्त किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक नूंह ने आम जनता को भी संदेश देते हुए कहा कि चुनाव के मद्देनजर जिलाधीश नूंह द्वारा लागू धारा 144 के नियमों की पूरी तरह से पालना कर शांतिपूर्ण चुनाव कराने में अपना योगदान दें तथा निडर होकर अपने मत का प्रयोग करें ।



पुलिस अधीक्षक नूंह ने लोकसभा चुनाव-2024 के मध्येनजर सभी प्रबन्धक थाना, स्टाफ / चौकी इंचार्ज व पर्यवेक्षण अधिकारियों की लघु सचिवालय नूंह में स्थित कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह के सभागार कक्ष में अपराध गोष्टी कर निर्देश दिये की जिला में पुलिस पेट्रोलिंग बढाने, जिले की सीमा के साथ लगते नाकों पर आने-जाने वाले वाहनों की विशेष चैकिंग करने, संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चैंकिग करने, सभी होटल, रेस्टोरेन्ट, धर्मशाला, बस स्टैंड इत्यादि सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी कर कडी सुरक्षा करने और संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों से पूछताछ करके उन पर निगरानी रखने, अवैध हथियार रखने, अवैध शराब / मादक पदार्थ विक्रेताओं व उद्धघोषित/जमानत तर्क अपराधियों व अन्य प्रकार के संगीन अपराधों में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करने तथा लोकसभा चुनाव2024 में यदि कोई शरारती तत्व किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन करें तो उससे खिलाफ नियमानुसार सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये।

# पुन्हाना क्षेत्र में फिर से सक्रिय होने लगा हनी ट्रेप गिरोह

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** रेप व अपहरण जैसे संगीन आरोप लगाकर ब्लैकमेल कर मोटी रकम ऐंठने वाला गिरोह इन दिनों पुन्हाना में पूरी तरह सक्रिय है। गिरोह में ने केवल महिलाएं बल्कि इनका साथ इनके परिजन भी दे रहे है। क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों में ऐसे कई मामले हैं आ चुके है। बदनामी के डर से लोग ऐसे गिरोह पर कार्रवाई कराने से पीछे हट जाते है जिस कारण इस गिरोह का हौसला दिनों दीन बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे गिरोह में अप्रत्यक्ष रूप से कुछ छुट भैय्या नेता भी अपना पूरा सहयोग कर रहे है। पुलिस पर दवाब बनाने से लेकर अपना कमीशन तक पाने के लिए ये छुट भैय्या नेता इस सामाजिक बुराई को इलाके में बढ़ा रहे है। पिछले चार पांच दिनों से भी ऐसा ही मामला पूरी तरह चर्चा में है। बिछोर थाना के अंतर्गत आने वाले इस मामले में एक महिला कि ओर से अपहरण ओर रेप की शिकायत दी हुई है। आरोप तीन सगे भाइयों पर लगा है। लेकिन पुलिस ने अभी तक मामला दर्ज नहीं किया है। मामले की जांच पुलिस ने कि तो मामला कुछ और ही सामने आ रहा है। एक दो नहीं बल्कि दर्ज़नो लोग उक्त महिला के खिलाफ पुलिस के सामने आ चुके है और ऐसे गिरोह के सदस्य व इनका सहयोग करने वाले छुट भैय्या नेताओ पर कार्रवाई की मांग कर चुके है।

बता दे की पांच दिनों पहले बिछोर थाना के अंतर्गत एक महिला ने तीन युवकों पर अपहरण करने में रेप करने का आरोप लगाया था जिसकी शिकायत बिछोर थाना में दी गई थी। महिला का आरोप था कि पुलिस इस मामले में फैसले का दवाब बना रही है जबकि पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई थी। सूत्र बताते है की ऐसे पहले भी कई युवा इस गिरोह के चंगुल में फंसकर लाखो रूपए में समझौता कर चुके है। मंगलवार को भी बिछोर पुलिस से आरोपी पक्ष इलाके के गणमान्य लोगों के साथ थाना प्रभारी से मिला जहां थाना प्रभारी ने उन्हें निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया।

बता दे की करीब 5 वर्ष पूर्व इसी तरह का गिरोह इलाके में पूरी तरह सक्रिय था। जिसने एक मेडिकल स्टोर संचालक सहित कई लोगों को ब्लैकमेल कर उनसे मोटी रकम लेकर समझौता किया था। लेकिन मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा जब चौकी में शिकायत दी गई तो मामले पर फैसले का दबाव बनाया गया। जिसके बाद मेडिकल स्टोर संचालक ने हाई कोर्ट का सहारा लेकर ऐसे गिरोह पर कार्रवाई कराई । हालांकि उसके बाद ऐसे मामलों में कमी तो नजर आई लेकिन दोबारा से ऐसे गिरोह के सक्रिय होने पर इलाके में फिर से एक बार इस गिरोह की चर्चा जोरों पर है। बिछोर थाना प्रभारी हुकम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जो भी आरोपी होगा उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## नूंह पुलिस का नशा तस्करी पर कड़ा प्रहार

# नूंह पुलिस की अपराध जांच शाखा पुन्हाना ने 89 लाख 43 हजार रुपये की कीमत का 596 किलो 200 ग्राम गांजा किया बरामद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह पुलिस ने नशा तस्करी करने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए सिकरावा रोड पर गांव गुलालता के नजदीक से नशा तस्करी में संलिप्त एक टाटा कैंटर को जब्त किया। कैंटर की तलाशी लेने पर उसमें से 596 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया जिसकी मार्किट कीमत लगभग 89 लाख 43 हजार रूपये आंकी गई है । हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ने इसके लिए अपराध जांच शाखा पुन्हाना की टीम को बधाई दी है।

**क्या था मामला-**

निरीक्षक संदीप प्रभारी अपराध जांच शाखा पुन्हाना ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 मार्च 2024 को सहायक उप-निरीक्षक गोपाल सिंह के नेतृत्व में गठित एक टीम जुरहेडा मोड पुन्हाना पर मौजूद थी। उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गत 16 तथा 17 मार्च 2024 की रात को पुलिस ने सिकरावा रोड पर गांव गुलालता के पास से जिस टाटा कैन्टर नंबर- एमएच12एचडी-1791 को ले जाकर थाने मे खड़ा किया उस कैन्टर में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ गांजा पत्ती भरा हुआ है। पता करने पर ज्ञात हुआ कि 16 व 17 मार्च की रात को उप निरीक्षक यशपाल ने अपनी टीम के साथ सिकरावा रोड पर गांव गुलालता के पास अपराध की रोकथाम के लिये नाकाबन्दी की हुई थी। नाकाबन्दी के समय एक टाटा कैन्टर नंबर- रू॥12 ॥ष्ठ-1791 का चालक अपने कैन्टर को नाकाबन्दी से करीब 200 मीटर दूर छोड़कर भाग गया था जिसे बाद में थाना पुन्हाना में लाकर इंपाउड किया गया था।




उपरोक्त गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने थाने में पहुंचकर नियमानुसार टाटा कैन्टर को चैक किया। चैकिंग के दौरान पाया गया कि गांजा पत्ती टाटा कैन्टर में ड्राईवर के केबिन के पीछे बाडी मे बने बॉक्स, जिसकी खिड़की कैन्टर की छत्त के उपर से खुलती है जो कैन्टर की बाडी को चैक करने पर दिखाई नही देती है, में छिपाकर रखा हुआ था। चैक करने पर प्लास्टिक के 20 कट्टो में कुल 596.200 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ ।जिसकी कीमत 89 लाख 43 हजार रूपये आंकी गई है । इस सम्बन्ध में अपराध शाखा पुन्हाना पुलिस ने उपरोक्त कैन्टर मालिक व अन्य के खिलाफ थाना पुन्हाना में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है । मुकदमा में संलिप्त आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# करनाल से इस बार बनेगा देश में सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड : सीएम नायब सैनी

**भाजपा बड़े मार्जिन से जीतेगी 10 की 10 लोकसभा सीटें : मुख्यमंत्री नायब सैनी**

**पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल में कहा कि भाजपा बड़े मार्जिन से लोकसभा चुनाव में 10 की 10 सीटें जीतेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि करनाल से इस बार देश में सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड बनेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आवास पर पहुंचे थे। काफी देर तक मुख्यमंत्री सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बीच चुनावी तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।




पूर्व सीएम मनोहर लाल से मीटिंग होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर तैयारियां पूरी है। कार्यकर्ताओं के दम पर और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से बड़े मार्जिन से भाजपा दसों लोकसभा की सीटें जीतकर मोदी जी के पास भेजेगी। मुख्यमंत्री ने करनाल लोकसभा से उम्मीदवार मनोहर लाल के बारे में बोलते हुए कहा कि करनाल से इस बार रिकार्ड बनेगा और देश में सबसे बड़ी जीत मनोहर लाल की होगी।

पत्रकारों द्वारा पूर्व गृहमंत्री अनिल विज के ट्वीट के बारे में पूछे गए सवाल पर नायब सैनी ने कहा कि अनिल विज हमारे वरिष्ठ नेता हैं। अनिल विज का मार्गदर्शन हमें पहले भी मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। हरियाणा की बची चार सीटों पर प्रत्याशियों के घोषणा के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उम्मीदवार कब तक घोषित होंगे यह पार्लियामेंट्री बोर्ड तय करेगा।

वहीं पार्टी कार्यालय कर्ण कमल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चंडीगढ़ में कुछ कार्य बचे हुए हैं जिन्हें दो-तीन दिनों में निपटाकर अब नियमित रूप से कार्यालय में बैठकर चुनाव की तैयारियों पर फोकस रखेंगे और चुनाव प्रचार का काम संभालेंगे। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन भी दिया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, घरोंडा विधायक हरविंद्र कल्याण, इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, जिला महामंत्री सुनील गोयल, मीडिया प्रमुख डा अशोक कुमार, जय भगवान सीकरी, जिला कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, अर्बन मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# राज्य स्तर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) की गई गठित

**सूचना, लोक संपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग के महानिदेशक होंगे कमेटी के सदस्य**

**मीडिया सर्टिफिकेशन के लिए भी होगी अलग से कमेटी**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 21 मार्च।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का सही मायने में पालन हो, इसके लिए राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के राजनीतिक विज्ञापनों, पेड न्यूज़ व फेक न्यूज़ पर पैनी नजर रखने व इनके सर्टिफिकेशन अनुमति प्रदान करने के लिए राज्य स्तर पर व जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष होंगे जबकि भारत के चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त एक पर्यवेक्षक, सूचना, लोक संपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री मंदीप सिंह बराड़, पीआईबी/बीओसी, चंडीगढ़ की संयुक्त निदेशक सुश्री संगीता जोशी, भारतीय प्रेस परिषद के श्री गुरिंदर सिंह, सूचना, लोक संपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) श्री विवेक कालिया तथा संयुक्त निर्वाचन अधिकारी , हरियाणा श्री राजकुमार इस कमेटी के सदस्य मनोनीत किये गए हैं।

यह कमेटी किसी भी राजनीतिक पार्टी, उम्मीदवार या किसी अन्य व्यक्ति को विज्ञापनों के संबंध में सर्टिफिकेशन प्रदान करने या अस्वीकार करने के संबंध में की गई अपील पर निर्णय लेगी। ऐसी अपीलों पर निर्णय केवल मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा ही लिया जायेगा। इस संबंध में चुनाव आयोग को संदर्भ देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी प्रकार पेड न्यूज़ की विरुद्ध की गई अपील के संबंध में जिला स्तर पर गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) स्वतः निर्णय लेगी और उम्मीदवार को नोटिस जारी करने के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को निर्देश जारी करेगी।

इसी प्रकार भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार राज्य स्तर पर सर्टिफिकेशन कमेटी का भी गठन किया गया है जिसमें अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा श्रीमती हेमा शर्मा को अध्यक्ष, हारट्रोन के निदेशक श्री यश गर्ग, हारट्रोन के उप महाप्रबंधक (पी एंड ए) श्री निर्मल प्रकाश तथा पीआईबी, चंडीगढ़ के उप निदेशक श्री हर्षित नारंग को कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह कमेटी सभी पंजीकृत राजनीतिक पार्टियां जिनका मुख्यालय राज्य में स्थित है, सभी संगठनों, व्यक्तियों के समूह या एसोसिएशन जो राज्य में पंजीकृत हैं, को प्री-सर्टिफिकेशन के लिए दिए गए आवेदनों पर निर्णय करेगी।

# नूंह में सैन्टर फॉर साईट ग्रुप-ऑफ आई अस्पताल न्यू कालोनी आगरा चौक पलवल द्वारा पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों का कैम्प लगाकर किया फ्री आंखों का चैक-अप

## उप-पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अजायब सिहं ने किया चैक-अप कैम्प का उद्घाटन




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह में सैन्टर फॉर साईट ग्रुप-ऑफ आई अस्पताल न्यू कालोनी आगरा चौक पलवल द्वारा पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों का कैम्प लगाकर किया फ्री आंखों का चैक-अप किया गया । डॉ0 रहमान व उनकी टीम द्वारा अपने साथ लाये हुये चिकित्सा उपकरणों के माध्यम से कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह के सभागार कक्ष में एकत्रित हुये अधिकारियों/कर्मचारियों व उनके परिजनों के परीक्षण में विजन टैस्ट, मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद, ग्लुकोमा व अन्य आखों के चैक-अप किये गये । जिसमें नूंह पुलिस के 120 अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपनी -2 आखों का चैक-अप कराया । उपरोक्त कैम्प का सफल संचालन करने में श्री अजय कुमार, नितिन भाटी, प्रहलाद, सुनिल व श्रवण कुमार फॉर्मसिस्ट जिला पुलिस नूंह का विशेष योगदान रहा । पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के लगातार ड्यूटी पर बने रहने, आजकल के खानपान व दूषित पर्यावरण के कारण पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों में अनेक प्रकार की बीमारियां शरीर के साथ जुड जाती है । जिसमें आखों की समस्या भी मुख्य हैं । जिसको मध्येनजर रखते हुये पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों का यह आंखों का परीक्षण कराया गया ताकि किसी अधिकारी/कर्मचारी को कोई आंखों की बीमारी होती है तो समय रहते हुये बीमारी का पता लगने पर उसका उचित उपचार कराया जा सके और सभी अधिकारी/कर्मचारी अपनी ड्यूटी को स्वस्थ रह कर पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभा सके ।

**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# भाजपा, जजपा व इनैलो को कैथल में लगा बड़ा झटका, गांव बलवंती में हुए कांग्रेस में शामिल

**इलाके की तरक्की व उन्नति के लिए लोग अन्य दलों को छोड़कर थाम रहे रणदीप सुरजेवाला का हाथ**

**कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रणदीप सुरजेवाला की नीतियों से प्रभावित होकर हुए कांग्रेस में शामिल**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**कैथल, 21 मार्च।** भाजपा पार्टी को कैथल में तब बहुत बड़ा झटका लगा जब गांव बलवंती में सैंकड़ो परिवारों ने रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व में कांग्रेस का हाथ थाम लिया।

रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि माता वेदवंती तीर्थ की पावन भूमि गांव बलवंती(कैथल, हरियाणा) में आकर एक पारिवारिक रिश्तों के अनुभवों की अनुभूति हुई। पिताजी स्व. शमशेर सिंह सुरजेवाला के समय से आज तक बलवंती गांव का राजनीतिक व पारिवारिक रिश्ता, आशीर्वाद व स्नेह सुरजेवाला परिवार के ऊपर सदैव रहा है। इसी क्रम में आज समस्त सीड़ा परिवार, समस्त ढुल परिवार, ब्राह्मण, जांगड़ा, पांचाल, बैकवर्ड व एससी समाज के साथियों ने इलाके की तरक्की व उन्नति के लिए भाजपा, जजपा व इनैलो पार्टी को छोड़कर मेरा साथ देने का वायदा कर कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त की। मेरी तरफ से सभी साथियों को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा।

**भाजपा जजपा व इनैलो पार्टी को छोड़कर कांग्रेस में शामिल लोग**

साधू राम ढुल, मियाँ सिंह ढुल पूर्व सरपंच, तेलू राम ढुल, देवीलाल ढुल, गुरमेल ढुल, राजिंन्द्र ढुल, सुरेश ढुल, धर्मवीर ढुल, नरेश ढुल, अमन ढुल, विक्रम ढुल, ख़ुशी राम ढुल, विक्की ढुल, अमित ढुल, दलशेर ढुल, अनु ढुल, कृष्ण ढुल, खजाना राम ढुल, राममेहर ढुल इत्यादि समस्त ढुल परिवार।

रणबीर मास्टर, अजमेर सीड़ा, राममेश्वर सीड़ा, राजकुमार सीड़ा, मंगत सीड़ा, मंगल सीड़ा, जयभगवान, यशपाल, जसविंद्र इत्यादि समस्त सीड़ा परिवार।

रणधीर शर्मा, राममेहर शर्मा, नरेश गुर्जर, नरसी गुर्जर, रामेश्वर जांगड़ा, जयभगवान जांगड़ा, बलवान जांगड़ा, सुनील पांचाल, रमेश फ़ौजी भानखुड़, रामपाल भानखुड़, सुरेश भानखुड़, विनोद भानखुड़, कृष्ण बाल्मीकि।

कांग्रेस में शामिल हुए सभी साथियों ने कहा कि आज देश व प्रदेश का किसान,नौजवान,मजदूर अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है। हरियाणा की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार ने हरियाणा की जनता के साथ विश्वासघात किया है। चुनाव से पहले भाजपा जजपा पार्टियों के नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए व बाद में एक दूसरे की गोदी में जाकर बैठ गए। आज प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। बेरोजगारी चरम सीमा पर है। महगांई अपार है। 10 सालों में हरियाणा व कैथल 50 साल पीछे चला गया है। कैथल व हरियाणा को एक बार फिर कांग्रेस पार्टी व रणदीप सुरजेवाला के नेतृत्व की जरूरत है, तभी विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों, आढ़ती, दुकानदार, बैकवर्ड व गरीबों की भलाई सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस पार्टी व रणदीप सुरजेवाला के हाथों में ही सुरक्षित है। आज भाजपा, जजपा, इनैलो पार्टी का अंत निश्चित है व आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है व हरियाणा की कमान रणदीप सुरजेवाला के हाथ में होगी।

उन्होंने कहा कि निरंतर ही इस क्रम को बरकरार रखा जाएगा और ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही हम सब तन मन धन से कांग्रेस पार्टी में सेवा करने के लिए भी संकल्पबद्ध रहेंगे।

# रजत कल्सन समेत दर्जनभर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ज्वाइन की कांग्रेस

**भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौधरी उदयभान के नेतृत्व में ली कांग्रेस की सदस्यता**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** मशहूर दलित अधिकार कार्यकर्ता अधिवक्ता रजत कल्सन समेत दर्जनभर सामाजिक कार्यकर्ताओं आज अपने सैंकड़ों साथियों के संग कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए सभी ने कांग्रेस ज्वाइन की। हुड्डा और चौधरी उदयभान ने सभी का पार्टी में स्वागत किया।

इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं के पार्टी में आने से कांग्रेस और मजबूती के साथ दलित व पिछड़ों की आवाज उठा पाएगी। उन्हें उम्मीद है कि सभी कांग्रेसजन पुरजोर तरीके से जमीनी स्तर पर वंचित वर्गों की लड़ाई लड़ेंगे। क्योंकि यह चुनाव सिर्फ राजनीतिक हार जीत का नहीं बल्कि सभी वर्गों की न्यायसंगत सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने का है।

चौधरी उदयभान ने कहा कि केंद्र और राज्य में चल रही बीजेपी सरकार लगातार संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने का प्रयास कर रही है। बीजेपी नेता खुलेआम संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। इसलिए तमाम राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वह संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करें। इस बात को समझते हुए तमाम सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस ज्वाइन की है।

कल्सन ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा हमेशा दलितों और वंचितों के पक्ष में रही है। इसलिए उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन करने का फैसला किया है। कल्सन के साथ फतेहाबाद के भीम आर्मी के 6 साल तक अध्यक्ष रहे भूषण कुमार नुनिया, फतेहाबाद के सामाजिक कार्यकर्ता अशोक रत्ताखेड़ा व बलविंदर सिंह तथा भाटला संघर्ष समिति के मुख्य सदस्य अजय भाटला, विकास भाटला, राजेश भाटला, रोहतास कुमार ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

उनके साथ-साथ भिवानी से हिम्मत सिंह, हिसार से पवन ग्रेवाल, रोहतास कुमार, धर्मेंद्र सिंह रंगा, धर्मेंद्र कुमार तथा हिसार के अधिवक्ता प्रवेश महिपाल, अनिल रंगा व यशवीर कुमार ने भी कांग्रेस ज्वाइन की। इस दौरान सैंकड़ों की तादाद में इन सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोगी व समर्थक मौजूद रहे।

# जल्द सरसों की खरीद शुरू करे और बकाया मुआवजा दे सरकार : हुड्डा

**पोर्टल के जंजाल में फंसे किसान, 10.40 लाख एकड़ रकबे का रिकॉर्ड मिसमैच- हुड्डा**

**2022 के खराबे का नाममात्र मुआवजा हुआ जारी, हजारों के खराबे के बदले 6-6 रुपये दे रही सरकार- हुड्डा**

**किसानों को नहीं मिला बाढ़ व ओलावृष्टि का मुआवजा, करोड़ों कमा रही बीमा कंपनियां- हुड्डा**



**समाचार गेट ब्यूरो**


**चंडीगढ़, 21 मार्च।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सरकार से जल्द सरसों की खरीद शुरू करने और किसानों को बकाया मुआवजा देने की मांग उठाई है। हुड्डा का कहना है कि मंडियों में फसल की आवक शुरू हो चुकी है। लेकिन सरकार 26 मार्च से खरीद शुरू करने की बात कह रही है। जबकि तैयारियों को देखकर यह भी होता संभव नजर नहीं आ रहा। क्योंकि एक बार फिर सरकार किसानों को पोर्टल के जंजाल में फंसाना चाहती हैं।

मेरी फसल मेरा ब्यौरा पार्टल पर 9.25 लाख किसानों ने 61.45 लाख एकड़ का पंजीकरण करवाया है। लेकिन इसमें से 10.40 लाख एकड़ रकबे का रिकॉर्ड मिसमैच है। जब तक यह खामी दूर नहीं होती, तब तक सरकार किसानों की फसल नहीं खरीदेगी। यानी सरकार की गलती का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस सरकार से बिना देरी के सरसों की खरीद शुरू करने और गेहूं की आवक के लिए पहले से ही तमाम तैयारियां को पूरी करने की मांग करती है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सरकार से किसानों को बकाया मुआवजा देने की मांग भी दोहराई। उन्होंने कहा कि अब तक सरकार ने ना बाढ़ पीड़ति किसानों को मुआवजा दिया और ना ही पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि के नुकसान की भरपाई की। कई साल से किसान इंतजार में बैठे हैं। जैसे तैसे बीजेपी ने 2022 के खराबे का नाममात्र मुआवजा रिलीज किया गया है। उसमें भी बड़े स्तर पर खामियां हैं। जिन किसानों की पूरी फसल बर्बाद हो गई, उन्हें 6-6 रुपए का मुआवजा दिया जा रहा है। कई जगह से किसानों की ऐसी शिकायतें आई हैं, जहां किसानों ने खराबे के मुकाबले बेहद कम मुआवजे मिलने की शिकायत की है।

हुड्डा ने सवाल उठाया कि अगर सरकार को मुआवजा ही नहीं देना था तो फिर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्या औचित्य है? इस योजना के जरिए सरकार द्वारा सिर्फ बीमा कंपनियों को लाभ क्यों पहुंचा जा रहा है? बीमा कंपनियां इस योजना के जरिए देश में 57,000 करोड़ का लाभ कमा चुकी हैं जबकि किसान पाई-पाई के लिए तरस रहे हैं। इस सरकार ने किसान को बर्बाद की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस किसानों की हालत सुधारने के लिए प्रतिबद्ध है।

# लोकतंत्र के पर्व का पहला उपहार दलबदल?



**समाचार गेट/कमलेश भारतीय**

लोकतंत्र एक पर्व है और जैसे हर बड़े पर्व से पहले छोटे छोटे पर्व भी मनाये जाते हैं । जैसे सीधी दीपावली नहीं आती, पहले नवरात्र, फिर दशहरा, छोटी दीपावली और फिर कहीं जाकर दीपावली आती है, धूमधाम से ! ऐसे ही लोकतंत्र का पर्व सीधे नहीं आता, इसकी भी पहले कुछ रस्में हैं, जैसे चुनाव आने से पहले दलबदल ! सबसे पहली झांकी हर चुनाव में दलबदल होती है और यह शुरू हो चुकी है । कल हरियाणा में इनेलो में फिर घर वापसी हुई है रामपाल माजरा की जिन्हें इनेलो का प्रदेशाध्यक्ष भी बना दिया गया । वे दो साल पहले भाजपा में चले गये थे लेकिन जल्द ही मोहभंग हो गया और इनेलो यानी अपने घर लौट आये ! इनेलो में नफे सिंह राठी की दुखद घटना के बाद प्रदेशाध्यक्ष पद खाली पड़ा था, सो रामपाल माजरा की पदोन्नति भी हो गयी, बन गये प्रधान जी ! इसी तरह कांग्रेस से रूठ कर असल में राव बहादुर चले गये जजपा में ! जजपा तो गठबंधन तोड़ दिये जाने से घायल बैठी है और इन पर मरहम लगा दी राव बहादुर ने ! वैसे ये मूल इनेलो के ही नेता हैं लेकिन परिवार बौछार, पार्टी बंट गयीं तो कोई नये घर जा रहा है तो कोई पुराने घर लेकिन घर वापसी हो रही है और आगे भी होती रहेगी। राव बहादुर को भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से जजपा की टिकट मिल जाने की आस है और उनका कहना भी है कि कांग्रेस में रहते यह आस पूरी होती नहीं दिखती थी, तो समय रहते सही जगह आ गये !

अभी तो हिसार के भाजपा सांसद व पूर्व आईएएस अधिकारी बृजेन्द्र सिंह ने भाजपा का 'कमल' लौटा दिया यह कहते हुए कि पहले दिन ही यह बात समझ आ गयी थी कि यहां मेरी बात बनेगी नहीं और बात नहीं बनी । इस तरह बृजेन्द्र सिंह कांग्रेस में शामिल हो गये । अभी उनके पिता चौ बीरेंद्र सिंह की कांग्रेस में घर वापसी बाकी है । इस तरह पिता पुत्र 'हाथ' थामने और हाथ से हाथ मिला अभियान चला देंगे ।

वैसे चुनाव आने से पता चलता है कि किसका, किस पार्टी में दम घुट रहा था, चुनाव न आयें तो पता भी न चले कि दम उखड़ रहा है या दिल लग रहा है ! अक्सर दलबदल के बाद यही बात सुनने को मिलती है कि फलानी पार्टी मे मेरा दम घुट रहा था और दिन मैं यह घुटन बर्दाश्त नहीं कर सकता था । इसलिए मैंने वह पार्टी छोड़ दी और फिर कुछ आरोप भी लगाये जाते हैं कि ऐसी ऐसी योजनायें चल रही थीं, जिनसे मेरा कोई मेल नहीं खाता था ! बिनमेल ब्याह की तरह बस निभाये जाते हैं और फिर चुनाव पर फैसला हो जाता है कि अब तलाक लेना ही पड़ेगा और फटाक से दलबदल हो जाता है । आपको पता है विधानसभा चुनाव में पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली को पूरा भरोसा था कि कांग्रेस टिकट दे देगी और वे कांग्रेस के झंडे को लेकर प्रचार भी कर चुके थे लेकिन ऐन मौके पर कांग्रेस का टिकट नहीं मिला तो रातों रात जजपा ने सम्पर्क किया और वे चुनाव मैदान में उतरे और जीते, मंत्री बने और कहा कि यदि कांग्रेस में टिकट मिल भी जाता, विधायक भी बन भी जाता पर मंत्री तो न बन पाता ! भैया इस दलबदल के बड़े बड़े गुण ! सुन सके तो सुन और समझ सके तो समझ, नहीं तो ऐसे ही राजनीति करते रह जाओगे ! न टिकट मिलेगी, न झंडी वाली कार मिलेगी !

अभी तो यह दलबदल का पहला पर्व शुरू हुआ है, आगे आगे देखिये होता है क्या ! इब्तदाये राजनीति है, रोता है क्या!

# पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करनाल में नए मकान के ग्रह प्रवेश पर बोले विधायक नीरज शर्मा



**होलाष्टक रविवार 17 मार्च से लग गए है। फाल्गुन अष्टमी से होलिका दहन तक आठ दिनों तक होलाष्टक के दौरान मांगलिक और शुभ कार्य नहीं होते है**

**होलाष्टक के दौरान सनातन धर्म से जुड़े सोलह संस्कार जैसे- विवाह, मुंडन समेत कोई भी शुभ कार्य नहीं करते, न ही ग्रह प्रवेश किया जाता है**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**दिल्ली/चंडीगढ़/फरीदाबाद, 21 मार्च।** विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि अगर घर में रहे होते तो ज्ञात होता घर के ग्रह प्रवेश का महत्व। एनआईटी विधायक नीरज शर्मा ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर पर बोलते हुए कहा कि हमारी सस्कृंति को नष्ट करने का काम किया जा रहा है। भारत के हर व्यक्ति को ज्ञात है कि होली के त्यौहार से 8 दिन पहले होलाष्टक रविवार 17 मार्च से लग गए है। फाल्गुन अष्टमी से होलिका दहन तक आठ दिनों तक होलाष्टक के दौरान मांगलिक और शुभ कार्य नहीं होते है। होलाष्टक के दौरान सनातन धर्म से जुड़े सोलह संस्कार जैसे- विवाह, मुंडन समेत कोई भी शुभ कार्य नहीं करते, न ही ग्रह प्रवेश किया जाता है। ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा करनाल में नए मकान में ग्रह प्रवेश सिर्फ करनाल की जनता से सहानुभूति जुटाने के लिए किया गया है।

विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि करनाल का स्थानीय विधायक किराए पर घर तक नही ले पाए, इससे स्पष्ट है कि मनोहर लाल खट्टर ने साढे नौ साल सिर्फ करनाल की जनता को धौखा देने का काम किया है। क्योकि करनाल की जनता ने खट्टर को विधानसभा में पहुंचाने का काम किया था तो उनको कम से कम हफ्ते में 2 दिन करनाल की जनता के बीच में रहना चाहिए था जोकि खट्टर ने नही किया।

जब खट्टर करनाल से विधायक थे और सरकार में मुख्यमंत्री के पद पर थे तो उस समय उनका वेतन भी ज्यादा था फिर उस समय मनोहर लाल खट्टर ने किराए का मकान क्यो नही लिया।

विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि जब मनोहर लाल खट्टर ने साढे नौ साल तक करनाल में मकान नही था तो कुछ दिन और रूक जाते। सिर्फ वोटो के लिए हमारी सस्कृंति के साथ ऐसा मजाक करना एक पूर्व मुख्यमंत्री को शौभा नही देता।

# मंत्री डॉ अभय सिंह यादव का जिला में पहुंचने पर भव्य स्वागत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**नारनौल।** नांगल चौधरी के विधायक डॉ अभय सिंह यादव को हरियाणा सरकार में मंत्री बनाने के बाद महेंद्रगढ़ में प्रवेश करने पर क्षेत्र की जनता द्वारा ढोल नगाड़ों, पटाखे छुड़ाकर, फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर जबरदस्त स्वागत किया।

स्वागत की कड़ी में सबसे पहले दादरी जिले के गांव मिश्री (उनकी सुसराल) के श्री श्याम मंदिर में डॉक्टर यादव को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया तथा महिलाओं ने मंगल गीत गाए तथा डॉ अभय सिंह यादव के उज्जवल भविष्य की कामना की।

डॉ अभय सिंह यादव ने अलग-अलग जगह पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार समस्त महेंद्रगढ़ जिले के विकास को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2014 के बाद में सरकार की कई महत्वपूर्ण उपलबधियां रही हैं। इनमें मुख्य रूप से भूमिगत जल की सुधार की प्रक्रिया पिछले 7 साल से चली हुई है और इस प्रक्रिया में 200 से अधिक गांव की अर्थव्यवस्था को बदला है। किसानों में खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने क्षेत्र में कोरियावास मेडिकल कॉलेज और बशीरपुर में बन रहे लॉजिस्टिक हब का एक बड़ा उपहार इस क्षेत्र को दिया है जो इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर नए खुलेंगे और जिस दिन लॉजिस्टिक हब और आईएमटी खुडाना दोनों चालू हो जाएंगे उस दिन इस क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने आईएमटी खुडाना के बारे में विशेष रूप से कहा कि उसको पूरा करने की प्रक्रिया चल रही है और इसे शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जब भी उन्हें क्षेत्र की जनता की जरूरत पड़ती है तो क्षेत्र की जनता से अथाह प्यार और सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्यार के लिए वे हमेशा क्षेत्र की जनता का ऋणी रहेंगे और क्षेत्र की भलाई के लिए जितना बन पाएगा उतना हमेशा करने के लिए प्रयत्नशील रहेंगे।

इसके बाद दादरी के जिले के गांव चांग रोड, बाल रोड, बधवाना, पालड़ी, बास खुडाना, आकोदा अदलपुर, जाट, धोली, पाली, बगडाना, पालड़ी, सीसोठ, हाउसिंग बोर्ड, रिवासा, माजरा, तुलाराम चौक महेंद्रगढ़, सतनाली चोक, मोहल्ला खटीकान, बार एसोसिएशन महेंद्रगढ़, पायगा, कैंची मोड़, ढांणी सैनियान, भांडोर नीची, खातीवास, खैरोली मोड, नांगल सिरोही, कुकशी, गुलावला, हुडीना, रामपुरा मेई, फैजाबाद, फैजाबाद की ढाणी, लहरोदा सिहार, हाउसिंग बोर्ड नारनौल, महावीर चौक नारनौल व हीरो होंडा चौक नारनौल पर लोगों ने डॉक्टर अभय सिंह यादव राज्य मंत्री हरियाणा सरकार का जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कंवर सिंह यादव, सुभाष यादव एडवोकेट, अटेली पंचायत समिति के अध्यक्ष राजेंद्र यादव, नारनौल पंचायत समिति के अध्यक्ष पंकज यादव, निजामपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष विनोद यादव, सीहमा पंचायत समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, नारनौल नगर परिषद के उप प्रधान संजीव यादव के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि जिनकी संख्या 50 से अधिक थी जिसमें सरपंच पंचायत समिति के सदस्य नगर पालिका के सदस्य शामिल थे।

# सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद चुनावी बॉन्ड के नंबरों समेत भारतीय स्टेट बैंक ने चुनाव आयोग को दिया सारा डेटा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई ह्यदिल्ली, 21 मार्च।** सुप्रीम कोर्ट में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने आज हलफनामा दाखिल कर बताया कि उसने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन कर दिया है. चुनाव आयोग को को दानदाता और लाभार्थी पक्ष की बॉन्ड संख्या दे दी गई है. SBI के चेयरमैन दिनेश खारा ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बैंक ने अब ECI को संचयी रूप से EB क्रेता का नाम, मूल्यवर्ग और EB की विशिष्ट संख्या, EB भुनाने वाली पार्टी का नाम और पार्टी के बैंक खाते के अंतिम चार अंक दिए हैं. इसमें कहा गया है कि चुनावी बॉन्ड का कोई अन्य विवरण अब बैंक के पास नहीं है.




सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड पर सारी जानकारी चुनाव आयोग को सौंप दी है. चुनाव आयोग को दिए डेटा में चुनावी बॉन्ड के सभी यूनीक नंबर शामिल हैं. इन यूनीक नंबरों के जरिए दानदाताओं और चंदा पाने वाले राजनीतिक दलों के बारे में जानकारी मिल सकेगी. एसबीआई द्वारा दिए गए विवरण को जल्द ही चुनाव आयोग अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर सकता है.

18 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से कहा था कि हम जो जानकारी आपसे चाहते हैं वो आप अभी तक नहीं दे पाएं हैं. हमने आपसे जो भी जानकारी मांगी है, उसे देने के लिए आप बाध्य हैं. आपको हर जानकारी विस्तार से देनी होगी. कोर्ट ने आगे कहा है कि एसबीआई को बॉन्ड नंबर देना होगा. साथ ही बॉन्ड से जुड़ी हर जानकारी भी कोर्ट को देनी होगी. कोर्ट ने आगे कहा कि SBI हलफनामा देकर बताए कि उसने कोई जानकारी नहीं छिपाई है.